

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -89 जबलपुर, शनिवार 03 मई 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## जम्मू-कश्मीर में मौसम बदला, फटा बादल, कई जिलों में भारी बारिश और तूफान का अलर्ट

नई दिल्ली. जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बादल फटने की खबर सामने आई है. जानकारी के अनुसार बादल फटने के कारण रामबन जिले में चंबा सेरी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर भूस्खलन हुआ है. जिस कारण ऊपरी इलाके में अचानक बाढ़ आ गई है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बादल फटने से किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है. जिले के चंबा सेरी इलाके में भूस्खलन के बाद शुक्रवार दोपहर को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों तरफ से यातायात को रोका गया है. अचानक भूस्खलन के कारण वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गई है. सड़क को साफ करने का काम जारी है. स्थानीय मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार शाम को डल झील और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है. इस दौरान चेतावनी जारी की गई कि डल झील, वुलर झील और अन्य झीलों में शिकारा की सवारी/नौका विहार न करें. शुक्रवार शाम को मौसम सही नहीं रहेगा. तेज आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट है.

# काल बनी दिल्ली की बारिश आंधी-10 की मौत

नई दिल्ली.(आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी के साथ भारी बारिश शुरू हो गई. सुबह से ही तेज हवाओं और बिजली की गरज के बीच बारिश ने राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया. दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में आंधी-बारिश और बिजली-पेड़ गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई. दिल्ली, यूपी में 4-4 और छत्तीसगढ़ में 2 लोगों ने जान गंवाई है. इस दौरान कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति बन गई है, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ है. मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए रेड अलर्ट जारी कर दिया है और अगले कुछ घंटों में 70-80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की चेतावनी दी है.



द्वारका जिले के जाफरपुर कलां के पास खडखड़ी नहर गांव में तेज हवाओं के कारण एक नीम का पेड़ कमरे पर जा गिरा. खेत पर बना यह कमरा ढह गया. इस हादसे में 26 वर्षीय ज्योति और उनके 3 बच्चों की दबकर मौत हो गई. दिल्ली पुलिस ने बताया कि सुबह 5.26 पर पीसीआर कॉल पर कमरे की छत ढहने से लोग अंदर फंसे होने की जानकारी मिली. इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंची और लोगों को मलबे से निकाल कर आरटीआर अस्पताल जाफरपुर कलां ले जाया गया. जहां डॉक्टर्स ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया.

100 फ्लाइट्स लेट तेज हवाओं के चलते इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (टर्मिनल 3) पर एक धातु का ढांचा ढह गया. इसके अलावा, खराब मौसम की वजह से 40 से ज्यादा फ्लाइट्स को डाइवर्ट किया गया और 100 से अधिक उड़ानें देरी से चल रही हैं. मौसम विभाग के अनुसार, कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई है, जिससे खुले स्थानों में लोगों और मवेशियों को चोट पहुंचने का खतरा बढ़ गया है.

**90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवाएं**

दिल्ली-एनसीआर के अलावा हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई जिलों में भी अलर्ट जारी किया गया है. यमुनानगर, करनाल, पानीपत, मथुरा, आगरा, भरतपुर और आसपास के क्षेत्रों में मध्यम से तेज बारिश और आंधी की संभावना जताई गई है. इन क्षेत्रों में 40 से 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं.

बारिश से जहां एक ओर गर्मी से राहत मिली है, वहीं इसके कई दुष्परिणाम भी सामने आए हैं. पेड़ों की टहनियों के टूटने और बिजली व संचार लाइनों को क्षति पहुंचने की आशंका है. कमजोर ढांचों और झोपडियों को भी नुकसान हो सकता है.

## सोनिया-राहुल गांधी को कोर्ट का नोटिस, ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में बनाया है आरोपी



नई दिल्ली.(आरएनएस)। नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है. अदालत का यह कदम प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मामले में दायर किए गए आरोप पत्र (चार्जशीट) के बाद आया है, जिसमें दोनों प्रमुख कांग्रेस नेताओं को आरोपी बनाया गया है. ईडी ने यह आरोपपत्र दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल किया है. जांच एजेंसी ने आरोपपत्र में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा और सुमन दुबे सहित कई अन्य नेताओं को भी इस मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया है.

## प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के पहले ट्रांसशिपमेंट हब का उद्घाटन किया, कहा- नए युग के विकास का प्रतीक है



तिरुवनंतपुरम(आरएनएस)। केरल विझिनजाम बंदरगाह- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8,900 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट% को राष्ट्र को समर्पित किया। तिरुवनंतपुरम में स्थित, गहरे समुद्र का बंदरगाह भारत का पहला समर्पित कंटेनर ट्रांसशिपमेंट हब है। यह दक्षिणी राज्य को वैश्विक नौसैनिक मानचित्र पर लाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी मौजूद रहे। केरल सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड द्वारा सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित किया गया है। अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (क्क्स्ऋ) द्वारा सार्वजनिक-निजी मॉडल के तहत सरकार के साथ साझेदारी में लगभग 8,867 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित, इससे वैश्विक शिपिंग और व्यापार मार्गों में भारत की उपस्थिति को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# रोक रहा था अमेरिका, जयशंकर बोले- बदला तो लेकर ही रहेंगे

नई दिल्ली-(आरएनएस)। पहलगाम के आतंकी हमले के बाद भारत के एक्शन को लेकर पूरी दुनिया में हड़कंप मचा है। भारत अगला कदम क्या उठाने वाला है ये पूरी दुनिया जानना चाहती है। दुनियाभर के देश भारत को समझाने और शांत करने की कोशिशों में जुटे हैं। संयुक्त राष्ट्र से लेकर कई और देश भारत से लगातार आग्रह कर रहे हैं कि स्थिति को तनावपूर्ण न बनाए। लेकिन भारत आतंकवादियों का सफाया चाहता है। भारत अपने देश के नागरिकों की मौत का बदला चाहता है। नजीतन भारत अपने संकल्प पर बना हुआ है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के एक्शन को लेकर घबराहट अमेरिका के मन में भी है। नतीजन अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भारत से बात करने की कोशिश की। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भारत से शांति बनाए रखने के लिए कहा तो भारत की तरफ से ये साफ हो गया कि भारत क्या चाहता है। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अपना पक्ष रखते हुए बता दिया कि भारत किसी भी कीमत पर आतंकियों का सफाया चाहता है और वो अपने



संकल्प पर बने रहेगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत क्या एक्शन प्लान तैयार कर रहा है। अमेरिका भी ये जानना चाहता है कि भारत का अगला कदम क्या होगा। एस जयशंकर ने एक्स पर कहा कि कल अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की। इसके दोषियों, उनका सहयोग करने वालों और साजिश रचने वालों को न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए। जयशंकर-रुबियो की यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आतंकवादियों के तार सीमा पार से जुड़े होने के मद्देनजर भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई किए जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। इससे पहले, अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा था कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने आज भारतीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर से बात की। सचिव ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति दुख व्यक्त किया

## विदिशा के लटेरी में सड़क हादसे में 3 की मौत, 12 घायल... सिरोंज से इंदौर लौट रही थी बारात

विदिशा (आरएनएस)। विदिशा जिले के लटेरी तहसील में आरी घाटी के पास गुरुवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।



हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 अन्य लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना उस वक्त हुई जब बारात लेकर एक पिकअप वाहन सिरोंज से लौट रहा था और आरी घाटी के समीप असंतुलित होकर पलट गया। जानकारी के अनुसार, इंदौर के पास मानपुर तहसील के आंवलीपुरा गांव से बारात सिरोंज आई थी। आदिवासी परिवार में शादी समारोह के बाद रात में बारात लौट रही थी कि तभी यह हादसा हो गया। घायलों को तत्काल लटेरी के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। लटेरी एसडीओपी अजय मिश्रा ने बताया कि पिकअप वाहन में बाराती शामिल थे वहीं दूल्हा-दुल्हन दूसरे वहां से आ रहे थे।

**रक्षा मंत्री के बाद अब बिलावल ने भी की गलती कबूल, लेकिन क्या पाकिस्तान सुधारेगा अपनी भूल?**

# हां, हमने आतंकवादी पाले... आतंकियों को पालकर हमने गलती की

नई दिल्ली-(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने अपने देश की आतंकवादियों के साथ मिलीभगत को स्वीकार किया है। इस बात पर जोर दिया है कि पाकिस्तान का अतीत रहा है। हाल ही में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी पाकिस्तान के आतंकवादी समूहों के साथ संबंधों को स्वीकार किया है। इससे पहले, एक समाचार चैनल से बातचीत में आसिफ ने इस्लामाबाद द्वारा आतंकवादी समूहों को समर्थन और धन मुहैया कराने की बात स्वीकार की थी।



भुट्टो ने गुरुवार को स्काई न्यूज के यल्दा हकीम के साथ बातचीत में पाकिस्तान के चरमपंथ के इतिहास को स्वीकार किया। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान को इसके परिणामस्वरूप नुकसान उठाना पड़ा है और उसके बाद से उसने सुधार किया है। जहां तक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की बात है, तो उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के आतंकवादी समूहों के साथ संबंधों को लेकर कोई संदेह नहीं है। जहां तक ??रक्षा मंत्री ने कहा है, मुझे नहीं लगता कि यह कोई रहस्य है कि पाकिस्तान का अतीत रहा है...परिणामस्वरूप, हमने कष्ट झेले हैं। बिलावल भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान ने कष्ट झेले हैं। हम चरमपंथ की एक के बाद एक लहरों से गुजरे हैं। लेकिन हमने जो कुछ झेला है, उसके परिणामस्वरूप हमने सबक भी सीखे हैं। इस समस्या से निपटने के लिए हमने आंतरिक सुधार किए हैं। भुट्टो ने आगे कहा जहां तक पाकिस्तान के इतिहास का सवाल है, यह इतिहास है और यह ऐसा कुछ नहीं है जिसमें हम आज हिस्सा ले रहे हैं। यह सच है कि यह हमारे इतिहास का दुर्भाग्यपूर्ण हिस्सा है। बीते दिनों पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ से एक इंटरव्यू में ये बात पूछी गई कि क्या पाकिस्तान का इन आतंकवादी संगठन को समर्थन, वित्त पोषण और प्रशिक्षण देने का लंबा इतिहास रहा है। इसके जवाब में आसिफ ने कहा कि हम तीन दशकों से अमेरिका के लिए ये गंदा काम कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ का ये बयान सीधे तौर पर अमेरिका को कटघरे में लाकर खड़ा कर

## पहलगाम हमले के बाद सरकार की ओर से कोई स्पष्ट रणनीति सामने नहीं आई- खरगे

नई दिल्ली-(आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए सरकार की ओर से कोई स्पष्ट रणनीति सामने नहीं आई है। हालांकि उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष केंद्र के साथ है। पार्टी के 24, अकबर रोड स्थित कार्यालय में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में अपने संबोधन में खरगे ने यह भी कहा कि सरकार ने जातिगत सर्वेक्षण की पार्टी की मांग स्वीकार कर ली है, लेकिन इस फैसले के समय ने 'हमें हैरान कर दिया है'। उन्होंने जाति जनगणना सबंधी फैसले को लेकर सरकार की मंशा पर संदेह जताया और पार्टी नेताओं से कहा कि जातीय सर्वेक्षण के मुद्दे को तार्किक परिणति तक ले जाने के लिए सतर्क रहें। कांग्रेस अध्यक्ष ने जाति जनगणना कराने के सरकार के फैसले का श्रेय पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को देते हुए कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अगर "हम लोगों के मुद्दों को ईमानदारी से उठाते हैं, तो सरकार को झुकना पड़ता है"।



कांग्रेस कार्यसमिति की पिछली बैठक में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में केंद्र को दिए गए हरसंभव सहयोग के आश्वासन का उल्लेख करते हुए खरगे ने कहा कि पहलगाम हमले के कई दिन बाद भी सरकार की ओर से कोई स्पष्ट रणनीति नहीं आई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने पहलगाम हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिजनों से कानपुर में मुलाकात की थी और सरकार से मृतक को शहीद का दर्जा और सम्मान देने की मांग की थी। खरगे ने कहा, "देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती के खिलाफ हम एकजुट होकर और सख्ती से काम करेंगे।

## बाबा केदारनाथ धाम के कपाट शुभ मुहूर्त में खोले गए, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा, श्रद्धालुओं की भारी भीड़



केदारनाथ. (आरएनएस) ।उत्तराखंड में स्थित विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ भक्तों के लिए खोल दिए गए। अब अगले छह महीनों तक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर पाएंगे। शुक्रवार सुबह 7 बजे शुभ मुहूर्त में विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम के कपाट विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ खोले गए। मंदिर के कपाट खुलते ही हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। कपाट खुलते समय आर्मी बैंड ने मधुर धुनें बजाईं।

## राफेल, मिग-29, मिराज... गंगा एक्सप्रेसवे पर वायुसेना ने दिखाई अपनी ताकत, बढ़ी पाकिस्तान की धड़कन

उत्तर प्रदेश-(आरएनएस)। भारतीय वायुसेना की ताकत शुक्रवार को एक बार फिर देखने को मिली, जब राफेल, मिग-29, मिराज 2000 जैसे लड़ाकू विमानों ने उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर में गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी भारत की पहली नाइट लैंडिंग स्ट्रिप पर उतरने और उड़ान भरने का अभ्यास किया। 3.5 किलोमीटर लंबी यह हवाई पट्टी वायुसेना के विमानों की दिन और रात दोनों समय लैंडिंग के लिए सक्षम है, जिससे चौबीसों घंटे सैन्य अभियान चलाने और आपात स्थिति के दौरान वैकल्पिक रनवे के रूप में एक्सप्रेसवे की व्यवहार्यता का आकलन करने में मदद मिलेगी। यह अभ्यास युद्ध या राष्ट्रीय आपातकाल के समय वैकल्पिक रनवे के रूप में एक्सप्रेसवे की क्षमता का आकलन करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसके साथ ही यूपी में एक्सप्रेसवे पर कुल चार लैंडिंग स्ट्रिप हो जाएंगी, लेकिन यह पहली ऐसी स्ट्रिप होगी जिसमें रात के समय लैंडिंग की सुविधा होगी। टेकऑफ़ और लैंडिंग अभ्यास ऐसे



महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है जब 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है, जब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। यह आधुनिक हवाई पट्टी भारत की पहली ऐसी हवाई पट्टी है जो चौबीसों घंटे सैन्य अभियानों के लिए प्रावधान के साथ एक्सप्रेसवे पर बनाई गई है। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रनवे के दोनों ओर 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश सरकार हवाई पट्टी के पास एक्सप्रेसवे के साथ एक औद्योगिक केंद्र विकसित करने की भी योजना बना रही है, जिससे हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। दूसरी ओर पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की और किसी भी आक्रामक कार्रवाई का माकूल जवाब देने का संकल्प जताया।

## गोराबाजार में तेज रफ्तार कार दुकान में घुसी, युवक गंभीर रूप से घायल



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** आज सुबह गोराबाजार तिराहा में एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर फूलों की दुकान में जा घुसी। हादसे में संजू राव नामक युवक बुरी तरह घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार के दोनों पहिए उसके पैरों पर चढ़ गए जिससे उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के बाद क्षेत्रीय नागरिकों ने कार चालक को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी और वाहन को थाने पहुंचा दिया। घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि कार चालक लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था और घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहा था। लेकिन लोगों ने पकड़कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया कि कई बार कैंट बोर्ड प्रशासन से ब्रेकर बनवाने की मांग की गई, लेकिन अनसुनी रही। नतीजा ये है कि गोराबाजार जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में लगातार दुर्घटनाएं हो

## वृद्ध ने फांसी लगाई

जबलपुर। थाना गोसलपुर में ग्राम धनगंवा में एक व्यक्ति द्वारा फ़सी लगाने की सूचना पर देसहाई माता मंदिर के पास आलोक गोलछा के खेत के पास धनगंवा पहुँची पुलिस को परमलाल कोल उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम धनगंवा ने बताया कि वह मजदूरी करता है दिनांक 1-5-25 को रात लगभग 10-30 बजे उसके पिता जी पईया कोल उम्र 62 वर्ष डब्बा लेकर शौच करने के लिये गये थे वह घर में सो गया था उसने सोचा कि

## जबलपुर की किशोरी को मंडला बुलाकर गैंगरैप, तीन दिन तक बंधक बनाकर रखा, स्नैप चेट पर की दोस्ती

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर की किशोरी से मंडला के युवक ने स्नैपचेट पर दोस्ती की. इसके बाद कान्हा नेशनल पार्क घुमाने का कहकर मंडला बुला लिया. किशोरी मंडला पहुंची तो दोस्त के घर में बंधक बनाकर तीन दिन तक गैंगरेप किया. जबलपुर पहुंची किशोरी ने परिजनों के साथ गढ़ा थाना पहुंचकर पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी, जिसपर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को पकडने मंडला पहुंच गई. पुलिस के अनुसार जबलपुर में रहने वाली किशोरी पूनम (परिवर्तित नाम) सातवीं कक्षा में अध्ययनरत है. जिसकी करीब 6 माह पहले स्नेपचेट पर मंडला के राजन नामक युवक से दोस्ती हो गई. इसके बाद दोनों एक दूसरे से बातचीत करने लगे, यहां तक कि एक - दूसरे का मोबाइल नम्बर भी ले लिया. लगातार हो रही बातचीत के दौरान राजन ने चार दिन पहले पूनम से कहा कि मंडला आ जाए, कान्हा नेशनल पार्क घूमने चलेगें. राजन की बातों में आकर पूनम 26 अप्रेल को मंडला पहुंच गई.

मंडला बस स्टेंड पर पूनम को राजन मिला और अपने साथ दोस्त के घर ले गया. जहां पर पूनम व राजन बैठे बातचीत करते रहे, इस दौरान दोस्त भी आ गए. राजन ने पूनम के साथ अश्लील हरकतें शुरु कर दी, पूनम ने विरोध किया तो धमकी देते हुए उसके साथ रेप किया, इसके बाद फिर दोस्त ने भी पूनम के साथ रेप किया. पूनम को तीन दिन तक कमरे में बंधक बनाकर दोनों युवक मिलकर गैंगरेप करते रहे. इसके बाद बुधवार की दोपहर राजन व उसका दोस्त मोटर साइकल में बिठाकर पूनम को बस स्टेंड लेकर आए और जबलपुर आने वाली बस में बिठा दिया. इस दौरान राजन व उसके दोस्त ने धमकी दी कि यदि घर या पुलिस को कुछ भी बताया तो ठीक नहीं होगा. जबलपुर में भी उसके दोस्त हैंए जो कि तेरे घर तक पहुंच सकते हैं. बीती रात जबलपुर में अपने घर पहुंची किशोरी पूनम ने मां को घटनाक्रम की जानकारी. इसके बाद गढ़ा थाना पहुंचकर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज किए जाने के बाद एक टीम मंडला पहुंच गई है.




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोहलपुर में अमित यादव उम्र 34 वर्ष निवासी बधैया मोहल्ला गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बस स्टेण्ड शराब दुकान के पास अण्डा का ठेला लगाता है आज रात लगभग 1-15 बजे वह अंडा का ठेला लेकर अपने घर बधैया मोहल्ला जा रहा था जैसे ही नगर निगम कार्यालय के सामने पहुँचा तभी छोटू आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो छोटू ने हाथ मुक्कों से मारपीट कर उसके वायें आंख के पलक के पास चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

# धर्मनिरपेक्षता सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा कांग्रेस की मुख्य विचारधारा है



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की संभागीय स्तर की बैठक में जैन धर्म के संतों के साथ मारपीट ईसाई धर्म के गुरुओं के साथ दुर्व्यवहार और जैन धर्म स्थलों पर अवैध रूप से किए जाने कब्जे पर नाराजगी जताते हुए कांग्रेस के बड़े नेताओं से सक्त कार्यवाही की मांग कांग्रेस नेता दलवीर सिंह जस्सल ,सुमन कुमार जैन, साकिर कुरेशी, संजय वर्मा, अतुल जोसफ , मार्को बाबा ने की

कांग्रेस की मुख्य विचारधारा धर्मनिरपेक्षता सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्य की रक्षा संविधान की मर्यादा के पालन का संदेश लेकर पधारे अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग के मध्य प्रदेश के प्रभारी निजामुद्दीन कुरैशी सह प्रभारी लियाकत अली साहब का गत दिवस प्रवास हुआ उस दौरान नगर आगमन पर उन्होंने संभागीय स्तर की पदाधिकारिओं की बैठक को संबोधित किया अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समय की आवश्यकता है की जैन सिख ईसाई मुस्लिम पारसी और बौद्ध समुदाय को विश्वास में लेकर कांग्रेस विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाएं कांग्रेस के कार्यकर्ता और विपक्ष द्वारा फैलाये जा रहे झूठ और फरेब के माहौल को उजागर करें ताकि जनता का विश्वास कांग्रेस के प्रति वापस लौटे और देश में अमन शांति कायम हो इस आशय के विचार मध्य प्रदेश प्रभारी अल्पसंख्यक जनाब निजामुद्दीन कुरेशी सह प्रभारी लियाकत अली साहब ने व्यक्त किये साथ में भोपाल में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के साथ भाजपा नेता द्वारा किए गए जो दुर्व्यवहार की भी निंदा की

इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री विधायक लखन घनघोरिया, नगर कांग्रेस कमेटी जबलपुर शहर के अध्यक्ष सौरभ शर्मा पूर्व विधायक विनय सक्सेना , कदीर सोनी ने सभी अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से एकजुट होकर सांप्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष की बात कही

संभागीय स्तर की बैठक में जैन संतों के साथ मारपीट ईसाई धर्म गुरुओं के साथ दुर्व्यवहार और जैन धर्म स्थलों पर अवैध रूप से किया जा रहे कब्जे पर नाराजगी जताते हुए कांग्रेस के बड़े नेताओं से सख्त कार्रवाई की मांग प्रदेश महासचिव एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, ढ्ढष्टष्ट अल्पसंख्यक विभाग के सरदार दलवीर सिंह जस्सल, सुमन कुमार जैन , संजय वर्मा,अतुल जोसेफ, मार्को बाबा ने की ।

संभागीय स्तर की बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सरदार दलवीर सिंह जस्सल, सुमन कुमार जैन साकिर कुरेशी राजकुमार जैन मामा जी, संजय वर्मा, कृष्णा गुप्ता,अतुल जोसेफ ,राजेंद्र बंधु, मार्को बाबा दिलावर खान, निर्मल चंद जैन ,नेक राम पटेल बलविंदर मान , कह कशा अंजुम, श्रीमती हूर बी, आदि की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही संभागीय स्तर की बैठक में सिवनी, मंडला, नरसिंहपुर,दमोह,बालाघाट

जबलपुर आदि जिले के कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे

आभार प्रदर्शन नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस अमीन कुरैशी और साकिर कुरैशी ने किया ।

# सनातन धर्म के संरक्षण संवर्धन में आद्य शंकराचार्य जी का महान योगदान



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भगवान आद्य शंकराचार्य जी के कारण ही आज सनातन धर्म सुरक्षित और संरक्षित है। आद्य शंकराचार्य जी ने सनातन के मूल सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए सनातन धर्म की पुनर्स्थापना की। उन्होंने लोगों को बताया कि ज्ञान,भक्ति और वैराग्य से ही कैवल्य मोक्ष पाया जा सकता है।

उक्त उद्गार आद्य शंकराचार्य जी के 2532 वें प्राकट्योत्सव पर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज द्वारा संस्थापित आदित्य वाहिनी द्वारा आयोजित समारोह में आचार्य परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ.एच. पी. तिवारी ने व्यक्त किए। आदित्य वाहिनी के संयोजक जीवेश पांडे ने कहा कि भगवान आद्य शंकराचार्य जी के बताए मार्ग पर चलकर सम्पूर्ण मानवता का कल्याण हो सकता है।

इस अवसर पर शिक्षा सलाहकार डॉ. श्रद्धा तिवारी,समाजसेवी सचिन अवस्थी, कुसुम कली मिश्रा,राजेंद्र तिवारी, संतोष दुबे,आशुतोष तिवारी, श्रेयांश तिवारी,अदिति श्रीवास्तव, सुमन शर्मा,मधुबाला शर्मा व विनीता पगारे सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

## रामायण-भजनावलि का लोकार्पण आज 3 को



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पाथेय, गूंज, सुर-ताल एवं मधुर-पल के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. इंजी. दुर्गेश ब्यौहार दर्शन गायक, गीतकार, संगीतकार द्वारा सृजित रामायण पर आधारित 108 भजनों की कृति रामायण भजनावलि का लोकार्पण समारोह कला वीथिका भंवरताल में 3 मई को संध्या 6 बजे से आयोजित है । मुख्य अतिथि जगतगुरु डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज ,अध्यक्ष आचार्य डॉ. हरि शंकर दुबे होंगे। विशिष्ट अतिथि आचार्य दया शंकर मिश्र, पं.बाल मुकुंद गौतम महाराज, डॉ. अखिलेश गुमास्ता, पूर्व विधायक विनय सक्सेना एवं 96 वर्षीय विदुषी श्रीमती शीलवती ब्यौहार जी होंगी। तत्पश्चात अलंकरण, सम्मान, अभिनंदन एवं भजन संध्या का आयोजन भी रखा गया है। संचालन राजेश पाठक, माधुरी मिश्रा, नेहा खरे एवं मंजू गोरे तथा संयोजन रवि जैन का रहेगा।

## विधायक रोहाणी के मुख्य आतिथ्य- में आयोजित हुआ लाड़ली लक्ष्मी उत्सव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत आज शुक्रवार को जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य विधायक श्री अशोक रोहाणी के मुख्य आथित्य में कैंट विधानसभा क्षेत्र में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम का शुभारम्भ कन्या पूजन कर किया गया द्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री रोहाणी ने कहा कि लाडली लक्ष्मी योजना राज्य सरकार की विभिन्न लोकप्रिय योजनाओं में से एक है द्य लाडली लक्ष्मी योजना से लाखों लाडलियाँ लाभान्वित हो रही हैंद्य इसकी लोकप्रियता के कारण ही विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा इसे अपने अपने राज्यों में भी लागू किया गया है। विधायक श्री रोहाणी ने लाडली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं को सम्मानित भी कियाद्य इस अवसर पर पार्षद श्याम कनोजिया, विभा उपाध्याय, आशीष राव, सौरभ गोयल, पुष्पराज सिंह, संगीता पासी, संजय जैन, राहुल रोहाणी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीष सेठ, पर्यवेक्षक स्वाति इंदुरख्या तथा मनीषा भूमरकर सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे

## महापुरुषों के नाम से मार्गो का नामकरण किये जाने के संबंध में सदन बैठक की पूर्व प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान की गई - निगमाध्यक्ष रिकुंज विज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज के द्वारा बताया गया कि केबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन राकेश सिंह के निर्देशानुसार रानीताल चौक से शहीद स्मारक तक की सड़क का नाम ''स्व. श्री ठाकुर शिवराज सिंह कटरा दादा मार्ग'' नामकरण करने एवं केंट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी के पत्रानुसार बंगाली कॉलोनी से मस्ताना चौक तक की सड़क का नाम परमपूज्य समाधिस्थ संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मार्ग के नाम से किया जावेगा। उपरोक्त प्रस्ताव महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा मेयर-इन-कॉउंसिल में पारित कर सदन की ओर अग्रषित किया गया। जिसे निगमाध्यक्ष रिकुंज विज के द्वारा सदन बैठक की पूर्व प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान की गई।

# हज यात्रियों का स्वागत कर किया रवाना



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुस्लिम धर्मावलंबियों की मुख्य व पवित्र तीर्थ मक्का-मदीना (सऊदी अरब) हज करने जाने वाले यात्री हाजी सहीम, हाजी अब्दुल वहीद अन्य का अधारताल स्थित मस्जिद फैजाने मदीना में एक कार्यक्रम आयोजित कर हाजी मो. जावेद अत्तारी, अशरफी साहब आदि ने स्वागत किया। इस दौरान हज यात्रियों से अनुरोध किया गया कि वहां पहुँचकर भारत देश की उन्नति, प्रगति, शांति व आपसी भाईचारे की विशेष दुआ करे। तत्पश्चात हज यात्रियों को रवाना किया गया। स्वागत कार्यक्रम में मो.मन्सूर, मो.साबिर, मो.जहीर, मो.अदील, मो.आकीब आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# OBC की जातिगत जनगणना कराने के केंद्र सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के समर्थन में अवाक्स ने अम्बेडकर चौक पर रैली निकालकर मिष्ठान वितरण किया





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ के तत्वाधान में अम्बेडकर चौक हाईकोर्ट के पास प्रदेश अध्यक्ष देवेश कुमार चौधरी एड तरुण रोहितास,प्रमेंद्र धुर्वे के नेतृत्व में आमजन को मिष्ठान्न वितरण कर ओबीसी की जातिगत जनगणना करने पर केंद्र सरकार के निर्णय पर हर्ष व्यक्त किया।

देवेश चौधरी ने मांग की हैं कि ओबीसी की जातिगत जनगणना की पारदर्शिता एवं समय सीमा का ध्यान रखा जाए एवं उसके आंकड़े सार्वजनिक किए जाए ताकि संसाधनों का समान वितरण एवं आरक्षण का पुनरीक्षण किया जाए ताकि सच्चे अर्थों में सामाजिक न्याय क्रियान्वित किया जाए।

इस अवसर पर शिवनाथ चौधरी आलम,संजय सेन,राकेश मून,राजेंद्र चौधरी,लखन चौधरी, डॉ सत्येंद्र ब्यौहार,शुभम चौधरी,सुनील चौधरी,जीवन जाटव,सी एस सिरसाठ,दिनेश चौधरी,एड अयोध्या चौधरी,दीपक चौधरी, डेनियल इब्राहिम, राजकुमार सिंह,शारदा आदि उपस्थित थे।

## पवईधाम में स्वामी महेन्द्रानंद के सान्निध्य में आयोजित श्री शिव समाराधन महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

# सिर्फ पृथ्वी पर सुलभ है भागवत कथा; इसका सदैव पान करे -इंद्रेशजी महाराज







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पाटन। पाटन के पवई धाम में स्वामी महेन्द्रानन्द महाराज जी द्वारा आयोजित श्री शिवसमारधना महायज्ञ व श्रीमदभागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ के द्वितीय दिवस में भागवत भूषण परम पूज्य श्री इंद्रेशजी महाराज ने श्रीमद्?भागवत का मंगलाचरण करते हुए कहा भागवत में परम सत्य का चिन्तन किया गया है। भागवत में निष्कपट परम धर्म का निरुपण किया गया है। भागवत की विशेषता यह है कि इसके श्रवण से स्वयं भगवान श्रीकृष्ण हृदय में आकर अवरुद्ध हो जाते है। भगवान को हृदय में बसाने का माध्यम यह सद्?ग्रंथ है। श्रीमद्?भागवत वेद रूपी कल्प वृक्ष का परिपक्व फल है। शुकदेव रूपी तोते की चंञ्चुका स्पर्श ने इसे और भी मधुर बना दिया है। यह सिर्फ पृथ्वी वासियों के सद्?भाग्य से सुलभ हुआ है, अत: भगवद्?भक्त रसिको को इसका सदैव पान करना चाहिए। आगे इन्द्रेश जी ने बताया भागवत की रचना व्यास जी के द्वारा की गई, नारद जी के चरित्र व परीक्षित चरित्र वर्णन किया। अपार जनसमुदाय पवई धाम सरकार, पाटन में उमड़ रहा है। यह कथा दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक 7 मई तक चलेगी। नित्य प्रात:कालीन सत्र में 8 बजे से 12 बजे तक युग विभूति विदुषी ऋचा गोस्वामी द्वारा श्री शिवसमाराधन अनुष्ठान में 51 यजमानों से रुद्राभिषेक व शिव पूजन कराया जाता है। सायं 7 बजे से 10 बजे तक ज्योतिष दरबार में ऋचाजी से कुण्डली परामर्श कराकर अधिकांश भक्त लाभान्वित हो रहे है।

आदि शंकराचार्य ने की धर्म की स्थापना

पूज्य इंद्रेश जी महाराज ने पवईधाम में यज्ञ में कहा क आज का दिन परम मंगल मय है। आज ही भगवत्पाद श्रीशंकराचार्य जी का प्राकट्य दिवस है। श्रीशंकराचार्य जी भगवान शंकर के अवतार हैं।

भगवान शंकर स्वयं धर्म रक्षा के लिये शंकराचार्यजी के रूप में भारतभूमि के केरल प्रान्त के काडली नाम ग्राम में अवतरित हुये थे। आठ वर्ष की आयु में आचार्य शंकर चारों बेदों के के ज्ञाता हो गये थे। उन्होंने अधर्म का उन्मूलन किया और धर्म की पुन: स्थापना की। आज आचार्यक जन्म दिवस है, उन्हें कर बार-बार प्रणाम। आज पूज्य आचार्य श्रीरामानुजाचार्य जयन्ती भी है तथा सूरदासजी ने आज के दिन ही अपने देह का त्याग किया था। स्वामी महिंद्रानंद जी ने शंकराचार्य जी के जन्मदिन की बधाई दी।

व्यासपीठ का हुआ पूजन

सर्वेश पचौरी (पटेल) मुख्य यजमान भागवत कथा, श्री श्याम मनोहर जी पचौरी मुख्य यज्ञ यजमान, श्री विष्णु शंकर पटेल, सह यजमान श्री लाल सिंह यादव ,श्री राकेश पचौरी, श्री योगेश गोर मथुरा श्री इन्द्र सिंह यादव,श्री प्रमोद पलहा, इन्द्र कुमार चौधरी (मुन्ना भैया), श्री बलराम यादव आयोजन प्रभारी, हरकृष्ण पचौरी अध्यक्ष आयोजन समिति , जितेंद्र पचौरी मीडिया प्रभारी , श्री नवनीत माहेश्वरी श्रीमती सुनीति माहेश्वरी ,श्री गोरी शंकर तिवारी , मनोज पटेल , देवेंद्र सिंह , विभव पचौरी , एवं पवई धाम सेवा समिति पवई धाम में भंडारा प्रबंधन मुकेश सिंह ठाकुर आदि ने श्रीमद् भागवत पूजन किया।

## धर्मनिरपेक्ष भारत के संकल्प हेतु जबलपुर से उठेगा चिंतन-संदेश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी (अध्यक्ष) सौरभ नाटी शर्मा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि देश में फैले भय, असुरक्षा और अस्थिरता के माहौल के विरुद्ध, तथा संविधान की धर्मनिरपेक्ष आत्मा और महात्मा गांधी के सिद्धांतों की रक्षा हेतु शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी, जबलपुर के आवाहन पर 3 मई 2025, शनिवार को महात्मा गांधी प्रतिमा, टाउन हॉल, विक्टोरिया अस्पताल रोड, जबलपुर में एक दिवसीय उपवास एवं चिंतन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। समय: दोपहर 12:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक यह कार्यक्रम पूर्णत: शांतिपूर्ण, अहिंसात्मक और वैचारिक रूप से समर्पित होगा। न कोई भाषण, न कोई नारा — हमारा चिंतन ही हमारा विरोध होगा।

यह चिंतन —सांप्रदायिकता के विरुद्ध हमारी चेतावनी है, संविधान की धर्मनिरपेक्ष आत्मा के प्रति हमारी निष्ठा है,और एक ऐसे भारत का संकल्प है जहाँ सभी धर्मों को बराबरी का सम्मान मिले और भाईचारा सर्वोपरि हो। शहर कांग्रेस कमेटी, जबलपुर समस्त नागरिकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और संविधान-प्रेमियों से अपील करती है कि वे इस कार्यक्रम में सहभागिता कर एक धर्मनिरपेक्ष, शांतिपूर्ण और एकजुट भारत के निर्माण हेतु अपनी भूमिका निभाएं।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ला का दौरा कार्यक्रम

जबलपुर-उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 3 मई को वायुयान द्वारा प्रात: 10.20 बजे डुमना एयरपोर्ट पहुचेंगे एवं प्रात: 11 बजे मध्यलप्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी पहुंचकर द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। श्री शुक्लत दोपहर 2.30 बजे सिविल अस्पाल पाटन का शुभारंभ करेंगे एवं दोपहर 3.15 बजे प्राथमिक स्वाुस्य्दो केन्द्रि नुनसर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे।



भोपाल -उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा स्थित निजी चिकित्सालय पहुंचकर उपचाररत पुलिसकर्मी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से घायल पुलिसकर्मी के उपचार के संबंध में पूछताछ की तथा समुचित उपचार के निर्देश दिए। इस दौरान आईजी श्री गौरव राजपूत तथा पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री ने किया स्कूल, अस्पताल एवं अन्य विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण-बुजुर्गों को टार्च और एफएम जैसी आधुनिक तकनीक से लैस छड़ी का किया वितरण**

# जनजातीय समुदाय को स्व-रोजगार से जोड़ने में लघु वनोपज समितियां सक्षम-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के जनजातीय वर्ग को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप जनजातीय भाई-बहनों के समग्र कल्याण के लिए पेसा नियमों को ध्यान में रखते हुए जनजातीय क्षेत्रों के विकास को और अधिक गति दी जा रही है। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में बसे जनजातीय परिवारों को भी केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं जैसे पक्का मकान, निःशुल्क राशन और आयुष्मान योजना से मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि हर गरीब और जरूरतमंद के बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए हमारी सरकार हर स्तर पर प्रयास कर रही है। राज्य सरकार तेंदुपत्ता संग्राहकों को बोनस देकर प्रोत्साहित कर रही है। तेंदूपत्ता के शासकीय मूल्य में 1000 रुपए प्रति मानक बोरा की वृद्धि कर इसे 4000 रुपए प्रति मानक बोरा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अभी 15 हजार वन समितियां हैं। जनजातीय समुदाय को स्व-रोजगार से जोड़ने में लघु वनोपज समितियां निरापद रूप से सर्वाधिक सक्षम हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को खंडवा जिले के हरसूद में तेंदूपत?ता, वन समितियों और जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

हरसूद को नए अस्पताल, स्कूल और सिंचाई परियोजना की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्रीय बुजुर्गों को टार्च और एफएम जैसी आधुनिक तकनीक से लैस छड़ी (स्टिक) का वितरण किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को पात्रतानुसार हितलाभ के चेक, ई-रिक्शा प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्कूल, अस्पताल जैसे विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरसूद में जल संरक्षण के लिये सरकार द्वारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर वर्षा जल की बूंद-बूंद सहेजने के उद्देश्य विषय पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरसूद को विकास कार्यों की सौगात दी, जिनमें 20 करोड़ की लागत की नया अस्पताल, सांदिपनि आदर्श विद्यालय, 45 करोड़ की लागत से नई सिंचाई परियोजना शामिल है। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री श्री दुर्गादास उइके, जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री दिलीप अहिरवार, विधायक श्री नारायण पटेल, विधायक श्रीमती छाया पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित थे।

प्रदेश में बुजुर्गों को सहारा और सम्मान देने वाली सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज बुजुर्गों को आधुनिक जादू की छड़ी मिली है। प्रदेश में बुजुर्गों को सहारा और सम्मान देने वाली सरकार है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार समृद्ध, सशक्त और विकसित मध्यप्रदेश बनाने के लिए मिशन मोड पर कार्य कर रही है। प्रदेश में खेतों को सिंचित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सिंचाई का रकबा बढ़ने से सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। मध्यप्रदेश में गेहूं का उपार्जन मूल्य 2600 रुपए है, जो देशभर में सर्वाधिक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में शुरू हुई 2 राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजनाओं के संदर्भ में कहा कि राज्य सरकार पड़ोसी राज्यों के साथ सभी लंबित मुद्दों को सुलझा रही है। राजस्थान के बाद अब महाराष्ट्र के साथ नदी जल समझौतों की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गीता भवनों का निर्माण कार्य हो रहा है। राज्य सरकार ने प्रत्येक ब्लॉक में एक आदर्श ग्राम और एक वृंदावन गांव बनाने का निर्णय लिया है।

नई औद्योगिक क्रांति से संवरेगा प्रदेश के युवाओं का भविष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यहां सबसे ज्यादा टाइगर हैं। देश में चीता भी सिर्फ मध्यप्रदेश में ही हैं। सरकार वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा देकर युवाओं को गाइड के रूप में प्रशिक्षित कर पर्यटन रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस)-2025 प्रदेश में औद्योगीकरण की नई शुरुआत है, जिसमें 30 लाख करोड़ रुपए के ऐतिहासिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। हमारी नई औद्योगिक नीतियों से प्रदेश के युवाओं का भविष्य संवरेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। राज्य में गरीबों का समग्र कल्याण, युवाओं को रोजगार, अन्नदाता (किसानों) की समृद्धि और प्रदेश की सभी बहनों के सशक्तिकरण के लिए हमने 4 मिशन शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि सबके सहयोग और सद्प्रयासों से हम यह मिशन पूरा करेंगे।

केंद्रीय राज्यमंत्री श्री दुर्गादास उइके ने कहा कि मध्यप्रदेश में 70 आवासीय विद्यालय शुरू किए गए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार जनजातीय समुदाय के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार जल, जंगल और जमीन के संरक्षण में जुटी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजनरी नेतृत्व से मध्यप्रदेश अब स्वर्णिम राज्य बनने की ओर अग्रसर है। प्रदेश में जनजातीय समाज के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कई विकास योजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है।

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि प्रदेश की मेधावी बेटियों को पढ़ने और आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने स्कूटी वितरण योजना शुरू की है। खंडवा जिले की बेटियों को भी इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बुजुर्गों को छड़ी वितरण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी सरकार किसी को भी बेसहारा नहीं रहने देगी। बेसहारों का सहारा बनकर सरकार इनके समग्र कल्याण की चिंता कर रही है।

## 7 लाख 81 हजार 389 किसानों से 67 लाख 92 हजार 890 मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूँ खरीदी- खाद्य मंत्री राजपूत

भोपाल-(आरएनएस) खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रदेश में अभी तक 7 लाख 81 हजार 389 किसानों से 67 लाख 92 हजार 890 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूँ का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक लगभग 6000 करोड़ रूपये से अधिक का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। गेहूँ का उपार्जन 5 मई तक होगा। प्रदेश में अभी तक जिला उज्जैन में 6 लाख 48 हजार 993, सीहोर में 6 लाख 25 हजार 718, विदिशा में 5 लाख 38 हजार 284, रायसेन में 5 लाख 25 हजार 172, शाजापुर में 3 लाख 55 हजार 439, राजगढ़ में 3 लाख 52 हजार 734, नर्मदापुरम में 3 लाख 42 हजार 513, भोपाल में 3 लाख 23 हजार 273, देवास में 2 लाख 82 हजार 360, सागर में 2 लाख 70 हजार 225, इंदौर में 2 लाख 46 हजार 432, सिवनी में 2 लाख 2 हजार 890, आगर-मालवा में एक लाख 81 हजार 129, मंदसौर में एक लाख 65 हजार 210, सतना में एक लाख 36 हजार 217, हरदा में एक लाख 26 हजार 653, धार में एक लाख 22 हजार 249, दमोह में एक लाख 10 हजार 321, रतलाम में एक लाख 2 हजार 67, नरसिंहपुर में 98 हजार 584, जबलपुर में 79 हजार 308, कटनी में 77 हजार 40, श्योपुर में 77 हजार 30, दतिया में 70 हजार 768, शिवपुरी में 64 हजार 782, रीवा में 61 हजार 349, ग्वालियर में 57 हजार 292, छतरपुर में 55 हजार 910, अशोकनगर में 49 हजार 421, पन्ना में 46 हजार 82, गुना में 45 हजार 560, मण्डला में 44 हजार 484, भिण्ड में 42 हजार 476, खण्डवा में 42 हजार 194, मैहर में 35 हजार 32, नीमच में 34 हजार 503, मुरैना में 28 हजार 967, बैतूल में 23 हजार 868, झाबुआ में 23 हजार 863, छिंदवाड़ा में 22 हजार 869, टीकमगढ़ में 16 हजार 975, शहडोल में 6 हजार 338, सिंगरौली में 6 हजार 239, उमरिया में 5 हजार 403, सीधी में 4 हजार 171, मऊगंज में

## सीवेज और नाली मरम्मत वर्षा पूर्व करना सुनिश्चित करें -राज्यमंत्री श्रीमती गौर

भोपाल-(आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों का भ्रमण के दौरान जनता से उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि समस्याओं का मौके पर निराकरण के प्रयास भी किये जा रहे है। उन्होंने कहा सीवेज, नाली मरम्मत आदि के कार्यों को वर्षा पूर्व करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



राज्यमंत्री श्रीमती गौर को शंकराचार्य होम्स के रहवासियों ने जलापूर्ति में कम प्रेशर, पानी की कमी, स्ट्रीट लाइट की खराबी एवं सीवेज संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। राज्यमंत्री ने शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। अंजलि विहार के नागरिकों ने जनसंवाद के दौरान जलापूर्ति, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज व्यवस्था जैसे विषयों को उठाया। इस पर त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। प्रोसपेरा कॉलोनी, वैष्णों परिसर और श्री रामेश्वरम कॉलोनी के रहवासियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सड़क से अतिक्रमण हटाने, सीवेज व्यवस्था दुरुस्त करने, स्ट्रीट लाइट सुधारने एवं अन्य नागरिक सुविधाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। यशोदा गार्डन में नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए सीवेज व्यवस्था को दुरुस्त करने, अतिक्रमण हटाने एवं पार्क निर्माण कार्यों को गति देने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। गायत्री विहार में रहवासियों ने बताया कि सीवेज लाइन तो हैं, लेकिन वह सीवेज नेटवर्क से कनेक्ट नहीं है। राज्यमंत्री ने मौके पर जाकर अधिकारियों को सीवेज लाइन का कार्य बारिश से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। शिव शक्ति मंदिर गुलाबी नगर में मंदिर के आसपास पेविंग ब्लॉक, स्ट्रीट लाइट, 2 हाईमास्क और मंदिर के मुख्य द्वार पर गेट की मांग को तुरंत स्वीकार करते हुए अधिकारियों को शीघ्र इन्हें पूरा करने के लिए निर्देशित किया। भेल संगम कालोनी बाग सेवनिया के रहवासियों ने मुख्य रूप से 80 फीट रोड पर लाइट की व्यवस्था, खुली पड़ी नालियों पर फर्श लगाने, मेन रोड पर स्पीड से वाहन गुजरते हैं, इसलिए ब्रेकर बनवाने की मांग की। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने सभी मांगों को स्वीकार करते हुए बताया कि निर्माण एजेंसी जल्द काम शुरू कर देगी। उन्होंने तुरंत ही निर्माण कार्य के लिए भूमि-पूजन भी कर दिया। पचपन झुग्गी बस्ती बागमुगालिया, मिसरोद की महिलाओं ने पेयजल, बिजली नहीं मिलने, नाली निर्माण अधूरा छोड़ने की शिकायत की। ईस्टन काउंटी कालोनी की महिलाओं ने सीवेज लाइन नहीं होने, पेयजल सप्लाई में कठिनाई, नाली निर्माण, कचरा नहीं उठने, स्ट्रीट लाइट और पुलिस की गश्त नहीं होने

## 271 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन, 10 मई को सजेगा सेवन्याखुर्द में मंगलमय मंच

बेहरी (आरएनएस)। मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना के तहत 10 मई को सेवन्याखुर्द पंचायत में होने वाले भव्य विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जिम्मेदार अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। सम्मेलन में 271 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे और मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की उपस्थिति आयोजन को गरिमा प्रदान करेगी।

सम्मेलन की तैयारी देखने के लिए विधायक मुरली भंवरा, एसडीएम आनंद मालवीया, जनपद सीईओ राजू मेड़ा ने निरीक्षण किया। पंचायत के समीप खाली खेत का चयन कार्यक्रम स्थल के लिए किया गया। विधायक ने पेयजल, टेंट, लाइट, पार्किंग सहित सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

विधायक भंवरा ने बताया, कि मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा रहेंगे।

## छोटी नदियों के संरक्षण से बड़ी नदियाँ रहेगी अविरल प्रवाहित- मंत्री पटेल

भोपाल (आरएनएस) पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ जल को संरक्षित करना नहीं, जल स्त्रोतों को बचाना भी है। उन्होंने कहा कि बड़ी नदियों को बचाने के लिए छोटी नदियों को बारहमासी करने का मौका अभी हमारे पास हैं। हमारे पूर्वजों ने बावड़ियां बनाई, कुएं बनाए है, उन्हें सहजने का कार्य हमें करना होगा। उन्होंने कहा कि उद्देश्य बड़ा साफ है, छोटी नदियों को हमने अगर बारहमासी कर?दिया तो बड़ी नदियों का अस्तित्व बचा रहेगा। मंत्री श्री पटेल गुरुवार को दमोह जिले के किशन तलैया में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी, सांसद दमोह श्री राहुल सिंह लोधी, विधायक एवं पूर्व मंत्री दमोह श्री जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा श्रीमती उमादेवी खटीक, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, अधिकारी-कर्मचारीगण, नागरिक मौजूद रहे।



मंत्री श्री पटेल ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलेगा। विगत वर्ष 32 नदियों को जोड़ने का संकल्प लिया था इस बार संकल्प है, मध्यप्रदेश में नर्मदा बेसिन, गोदावरी बेसिन, गंगा बेसिन उसमें जाने वाली किसी भी नदी का उद्गम स्थल मध्यप्रदेश में है, उस तक पहुँचने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा सीधे नदी से पानी लेते है, तो एक भी बूँद पानी नही बचता ओर बाद में हम मवेशियों के लिये ट्यूबवेल से भरते है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से जल संरक्षण कार्य किया जायेगा, सरकार इसकी अगुवाई कर रही हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का अभारी हूँ कि सांस्कृतिक अमूर्त धरोहर के रूप में नर्मदा परिक्रमा को शामिल किया गया है।

## रीवा में अचानक आई बारिश से मंडी में रखे गेहूं भीगे, किसानों को हुआ नुकसान

रीवां (आरएनएस)। रीवा जिले में बुधवार दोपहर 3 बजे से तेज बारिश हुई, जो लगभग आधे घंटे तक चली. हालांकि लोगों ने गर्मी में राहत की सांस ली, लेकिन मंडी में खुले में रखे गेंहू भीग गए, जिससे किसानों को नुकसान की आशंका है. रीवा में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ था. कभी धूप कभी छांव, लेकिन बुधवार दोपहर 3 से तेज बारिश का दौर जारी हो गया, जो लगभग आधे घंटे तक चलता रहा. इसके चलते शहरों में रहने वाले लोगों ने राहत की सांस ली. वहीं, गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. सबसे बुरा हाल मंडी में नजर आया, जहां गेहूं की खरीदारी का दौर जारी है. गेहूं खुले में रखे हैं, जिससे गेहूं काफी भीग गया. हालांकि प्रशासन गेहूं को भीगने से रोकने के प्रयास में भी जुटा नजर आया. किसान भी मानते हैं, इस बारिश से कोई बहुत नुकसान नहीं होगा, लेकिन अगर दोबारा बारिश हुई तो गेहूं बेकार हो जाएगा, फिर वह केवल मवेशियों के काम ही आएगा. वहीं, शिवपुरी जिले में अप्रैल महीने में आई बाढ़ से तुलसी नगर कॉलोनी के कई मकान पानी में डूब गए. बाढ़ के पानी में एक महीने पहले डाली

## छात्राओं को बैड टच करता था टीचर, डर से डेढ़ महीने से स्कूल नहीं गए

दतिया (आरएनएस)। चक्र रामसागर गांव स्थित सरकारी स्कूल के टीचर पर छात्राओं के साथ बैड टच के गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों और पेरेंट्स का कहना है कि शिक्षक मंजूर खान लड़कियों को क्लासरूम में घंटों बंद रखता था।

उन्हें गलत ढंग से छूता था और चुप रहने की एवज में कपड़े, कॉस्मैटिक्स और अंडर गारमेंट्स देता था। शिकायत के बाद जांच के लिए पहुंची एसडीएम की टीम को पता चला टीचर की गंदी हरकत के चलते यहां बच्चे डेढ़ महीने से स्कूल ही नहीं आ रहे हैं।

मंगलवार को एसडीएम संतोष तिवारी, सिविल लाइन्स पुलिस और शिक्षा विभाग की टीम जांच के लिए स्कूल पहुंची। टीचर मंजूर खान मौके पर मौजूद नहीं था। जांच के दौरान टीम को स्कूल में कपड़े, चप्पल, कॉस्मैटिक्स आइटम के कुछ बॉक्स मिले हैं, जो शिक्षक मंजूर खान के नाम पर थे। सभी को जब्त कर लिया गया है।

एक छात्रा ने अपने बयान में कहा कि टीचर मंजूर खान उन्हें गलत ढंग से टच करते थे। कई चीजें भी दिया करते थे। एक छात्र ने बताया कि स्कूल में लड़कियों को लिपस्टिक और ब्यूटी आइटम दिए जाते थे। इससे माहौल गंदा रहता था।

पूरे मामले की लेकर दतिया एसडीएम संतोष तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों और छात्रों के बयान लिए गए हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जन शिक्षकों ने 25 अप्रैल को चक्र रामसागर के मिडिल स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षक जितेंद्र राजपूत गैरहाजिर मिले। स्कूल में दर्ज 48 बच्चों में से मौके पर एक भी छात्र-छात्रा नहीं थे। इस बारे में प्रधानाध्यापक से पूछा गया तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

इस संबंध में गांव में जाकर ग्रामीणों से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि स्कूल में कोई घटना घटित हो गई है। जिस वजह से बच्चे स्कूल जाने से डर रहे हैं। कई बार पूछने पर भी ग्रामीणों ने घटना के बारे में खुलकर जानकारी नहीं दी।

स्कूल में कुल पांच शिक्षक पदस्थ हैं, जिनमें से केवल दो-तीन ही नियमित रूप से आते हैं। जन शिक्षकों ने पहले ही स्कूल की स्थिति को लेकर डीपीसी और बीआरसी को सोमवार को रिपोर्ट भेजी थी। इसमें बताया गया कि 4 अप्रैल से स्कूल पूरी तरह बंद है।

टीचर मंजूर खान की हरकतें सामने आने पर होली के बाद कुछ ग्रामीण स्कूल पहुंचे थे। उन्हें पता चला कि मंजूर खान ने एक छात्रा को कमरे में बंद कर रखा है।

**मंत्री सारंग ने किया ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025 का शुभारंभ**

## शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में करेंगे विकसित

भोपाल-(आरएनएस) सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरूवार को तात्या टोपे स्टेडियम से खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रदेशव्यापी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री श्री सारंग ने कहा कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर - 2025 मध्यप्रदेश के युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है। यह शिविर केवल खेल सिखाने का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को एक सजग, अनुशासित और सक्षम नागरिक के रूप में तैयार करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस नवाचार के अंतर्गत प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, खेल अकादमियों से जुड़ाव और प्रतियोगिताओं में भागीदारी के अवसर मिलेंगे। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जाने वाले पारंपरिक ग्रीष्मकालीन खेल शिविर को इस वर्ष एक नवीन रूप प्रदान किया गया है। मध्यप्रदेश में पहली बार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर - 2025 को नए तरीके से प्रारंभ किया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य केवल खेलों से जुड़ाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा मंच बनेगा जहाँ से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भविष्य के उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में तराशा जाएगा। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि त्रि-स्तरीय योजना के तहत हम उत्कृष्ट खिलाड़ी निर्माण करेंगे। इसमें प्रथम चरण में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयनित किया जायेगा। द्वितीय चरण में चयनित खिलाड़ियों को विभाग की 'प्रतिभा खोज' और 'खेलो बढ़ो अभियान' जैसे योजनाओं से जोड़ा जाएगा। तृतीय चरण में शीर्ष खिलाड़ियों को खेल अकादमियों और 'खेलो एमपी' सहित विभाग की प्रमुख प्रतियोगिताओं में सम्मिलित कर भविष्य के चैंपियन तैयार किए जाएंगे। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि गर्मियों की छुट्टियों में बच्चें खेल के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व और बौद्धिक विकास पर भी कार्य करेंगे। विद्यार्थियों को व्हॉलीबाल, जिम्नास्टिक, जूडो, ताईक्वांडों, बॉक्सिंग, कबड्डी, तलवारबाजी, कराते, मल्लखम्ब, टेबिल टेनिस, स्केटिंग, कुश्ती, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, बॉस्केटबॉल, एरोबिक, स्कवैश, एथलेटिक्स, शूटिंग (रायफल/पिस्टल) का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इन खेलों के साथ ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिये आध्यात्म, योग सहित विभिन्न गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में 30 जून तक 卐ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025卐 का आयोजन किया जा रहा है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




सनातन धर्म में दैनिक पूजा पाठ को विशेष महत्व दिया गया है, संसार रूपी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने परम लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति को नहीं भूलना चाहिए, भगवान की दैनिक पूजा पाठ सभी को करना चाहिए, कलयुग में पूजा पाठ यज्ञ हवन आदमी से हो नहीं पाता है तो नाम स्मरण सर्वश्रेष्ठ बताया गया है जो सबसे सरल और आसान है, आप चलते फिरते कही भी पूजा पाठ कर सकते है. स्त्री और पुरुष परिवार रूपी गाड़ी के दो प्रमुख अंग है, इनको जीवन में अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है, पुरुष को नौकरी, कामकाज और आर्थिक जिम्मेदारी दिए गई है



## निशिकांत दुबे का तल्ख अंदाज

वक्फ (संशोधन) अधिनियम के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा सवाल उठाए जाने पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तल्ख अंदाज में सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधते हुए कहा कि कानून यदि शीर्ष अदालत ही बनाएगी को संसद भवन को बंद कर देना चाहिए। दुबे ने 'एक्स' कर अपने पोस्ट में अपने कथन की बिना व्याख्या किए यह सब लिखा है। इसी तरह का बयान भाजपा के राज्य सभा सदस्य दिनेश शर्मा ने भी दिया है। अपने नेताओं के बयानों से घिरी भाजपा ने औपचारिक रूप से खुद को इन बयानों से अलग कर लिया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शब्द कहा कि दुबे या शर्मा के बयान उनके व्यक्तिगत विचार है, और पार्टी इनसे सहमत नहीं है। भाजपा सांसदों के बयानों पर कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने पलटवार करते हुए इन बयानों को अपमानजनक बताया। दुबे और शर्मा की टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत में सुनवाई चल रही है। यह अधिनियम इस महीने की शुरुआत में संसद ने पारित किया था। अदालत द्वारा इस कानून के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर सवाल उठाए जाने के बाद केंद्र सरकार ने अगली सुनवाई तक उन्हें लागू न करने पर सहमति व्यक्त की है। इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा था कि देश में ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे अैर कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और 'सुपर संसद' के रूप में काम करेंगे। दरअसल, धनखड़ सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का जिक्र कर रहे थे जिसमें राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर विधेयक पर फैसला लेने की समय-सीमा तय की गई है।

## अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों ने एक बार फिर से भारत को फंसाना शुरु कर दिया

आतंकवाद को लेकर पश्चिमी देशों का रवैया हमेशा से डबल स्टैंडर्ड वाला रहा है। अमेरिका पश्चिमी देशों के इस डबल स्टैंडर्ड यानी दोहरे मापदंड की अगुवाई करता रहा है। अमेरिका में 11 सितंबर, 2001 को हुए भयानक आतंकी हमले के बाद दुनिया को ऐसा लगा कि शायद अब अमेरिका की सोच बदल जाएगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अमेरिका ने अपनी धरती पर हुए आतंकवादी हमले का बदला अफगानिस्तान और पाकिस्तान में घुस कर लिया। लेकिन जब भी उसके चहेते देश पाकिस्तान द्वारा पाले-पोसे गए आतंकवादियों ने भारत को दहलाने का काम किया। तब-तब अमेरिका आगे आकर मीठी-मीठी जुबान में भारत को शांति का पाठ पढ़ाता नजर आया।

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पूरा भारत गुस्से में है। हर सच्चा हिंदुस्तानी पाकिस्तान से बदला लेना चाहता है, आतंकवादियों को सबक सिखाना चाहता है। भारत सरकार पर पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन पाकिस्तान को आतंकवाद का ट्रेनिंग सेंटर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला अमेरिका एक बार फिर से भारत को फंसाने के लिए मैदान में उतर गया है। अपने चिर-परिचित पुराने स्टाइल में अमेरिका ने पहले पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की, भारत का साथ देने का भरोसा दिया लेकिन कुछ ही दिन बाद पाकिस्तान की भाषा बोलते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कश्मीर विवाद को 1,500 साल पुराना विवाद बता दिया। ट्रंप यहीं नहीं रुके बल्कि उन्होंने आतंकवाद से पीड़ित देश भारत और आतंकवाद को फैलाने वाले देश पाकिस्तान को एक ही पायदान पर रखते हुए दोनों ही देशों को अपना करीबी बता दिया। भारत का स्टैंड बिल्कुल साफ है कि आतंकवाद फैलाने वाले देश (पाकिस्तान) से तब तक बातचीत करने का कोई फायदा नहीं है, जब तक वह आतंकवाद को फैलाना बंद न कर दें। लेकिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के बावजूद अब अमेरिका भारत को आतंकवादी देश पाकिस्तान से बातचीत करने की सलाह दे रहा है।

भारत के सख्त तेवरों को देखते हुए अमेरिका ने पाकिस्तान को बचाने के लिए शांति का राग अलापना शुरू कर दिया और अपने इस षड्यंत्र में अन्य पश्चिमी देशों की भूमिका भी तय कर दी।अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अपने इस मिशन को कामयाब बनाने के लिए बुधवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर से फोन पर बात की। बातचीत के दौरान,अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत और पाकिस्तान दोनों से तनाव कम करने का आग्रह किया। भारत के विदेश मंत्री और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री, दोनों से अलग-अलग बातचीत करने के बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि, अमेरिका आतंकवाद से लड़ाई में भारत का समर्थन करता है लेकिन उसी बयान में पाकिस्तान से पहलगाम हमले की जांच में सहयोग करने का आग्रह किए जाने की बात भी कही गई है। मतलब, अमेरिका सीधे-सीधे यह कहना चाह रहा है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने की बजाय भारत को उसके साथ मिलकर जांच करनी चाहिए। पहलगाम में 22 अप्रैल, 2025 को जब आतंकवादी भारत के निर्दोष नागरिकों पर गोलियां बरसा रहे थे। उस समय अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत के दौरे पर ही थे। इस आतंकी हमले के कारण, भारत दौरे के दौरान उनके कई कार्यक्रमों को रद्द भी करना पड़ा था। भारत यात्रा के दौरान ही अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने आगरा से प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोन पर बातचीत की और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। वेंस ने जानमाल के नुकसान पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए वादा किया था कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। लेकिन अमेरिका पहुंचते ही उनके भी सुर बदल गए।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने गुरुवार को भारत को नसीहत देते हुए यह कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत युद्ध नहीं भड़काएगा। भारत को नसीहत देते हुए जेडी वेंस ने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा कि उन्हें आशा है कि भारत इस आतंकवादी हमले का जवाब इस तरह से दे जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष न हो और वे आशा करते हैं कि पाकिस्तान, जिस हद तक वो जिम्मेदार है, भारत के साथ सहयोग करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कभी-कभी उनके क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों का पता लगाया जाए और उनसे निपटा जाए। गुरुवार को ही अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ ने भी भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से फोन पर बातचीत कर शांति का पाठ पढ़ाने का प्रयास किया। अमेरिका से आने वाले हर बयान का संदेश बिल्कुल साफ नजर आ रहा है कि भारत पाकिस्तान पर हमला न करे और पहलगाम आतंकी हमले की पाकिस्तान के साथ मिलकर सयुंक्त जांच करे।

दरअसल, अमेरिका एक साथ कई मोर्चों पर भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है और इस अभियान में अपने मित्र देशों का भी भरपूर सहयोग ले रहा है। अमेरिका से पहले, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने रविवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री इशाक डार से बात की थी।

## जरूरी है मीडिया का भारतीयकरण

यह शब्द हिंसा का समय है। बहुत आक्रमक, बहुत बेलगाम। ऐसा लगता है कि टीवी न्यूज मीडिया ने यह मान लिया है कि शब्द हिंसा में ही उसकी मुक्ति है। चीखते-चिल्लाते और दलों के प्रवक्ताओं को मुर्गों की तरह लड़ाते हमारे एंकर सब कुछ स्क्रीन पर ही तय कर लेना चाहते हैं।

यहां संवाद नहीं है, बातचीत भी नहीं है। विवाद और वितंडावाद है। यह किसी निष्कर्ष पर पहुंचने का संवाद नहीं है, आक्रामकता का वीभत्स प्रदर्शन है।

निजी जीवन में बेहद आत्मीय राजनेता, एक ही कार में साथ बैठकर चैनल के दफ्तर आए प्रवक्तागण स्क्रीन पर जो दृश्य रचते हैं, उससे लगता है कि हमारा सार्वजनिक जीवन कितनी कड़वाहटों और नफरतों से भरा है। किंतु स्क्रीन के पहले और बाद का सच अलग है। बावजूद इसके हिंदुस्तान का आम आदमी इस स्क्रीन के नाटक को ही सच मान लेता है। लड़ता-झगड़ता हिंदुस्तान हमारा %सच% बन जाता है। मीडिया के इस जाल को तोड़ने की भी कोशिशें नदारद हैं। वस्तुनिष्ठता से किनारा करती मीडिया बहुत खौफनाक हो जाती है।

हमें सोचना होगा कि आखिर हमारी मीडिया प्रेरणाएं क्या हैं? हम कहां से शक्ति और ऊर्जा पा रहे हैं। हमारा संचार क्षेत्र किन मानकों पर खड़ा है। पश्चिमी मीडिया के मानकों के आधार पर खड़ी हमारी मीडिया के लिए नकारात्मकता, संघर्ष और विवाद के बिंदु खास हो जाते हैं। जबकि संवाद और संचार की परंपरा में संवाद से संकटों के हल खोजने का प्रयत्न होता है। हमारी परंपरा में सही प्रश्न करना भी एक पद्धति है। सवालों की मनाही नहीं, सवालों से ही बड़ी से बड़ी समस्या का हल खोजना है, चाहे वह समस्या मन, जीवन या समाज किसी की भी हो। इस तरह प्रश्न हमें सामान्य सूचना से ज्ञान तक की यात्रा कराते रहे हैं। आज %सूचना% और %ज्ञान% को पर्याय बनाने के जतन हो रहे हैं। सच यह है कि %सूचना% तो समाचार,खबर या न्यूज का भी पर्याय नहीं है। सूचना कोई भी दे सकता है।

## क्या भारत, पाकिस्तान के खिलाफ वाटर बम्ब इस्तेमाल करेगा।

अजय दीक्षित

एशियन स्टडी फॉर वॉटर मैनेजमेंट की प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत, पाकिस्तान के खिलाफ वाटर बार खड़ा कर सकता है।यह रिपोर्ट इस समय प्रकाशित हुई है जब भारत ने इंडस वैली ट्रीटी रद्द करने की घोषणा की है।

उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 22 अप्रैल की आतंकी घटना के बाद भीषण विवाद हो गया है।इस हादसे में 25 निर्दोष पर्यटक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। लश्कर ए तैयबा के टीआरएफ नामक संगठन ने जिम्मेदारी ली है। भारत ने सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए हैं जिनमें एक इंडस वैली ट्रीटी को रद्द कर दिया है।यह संधि 1960, में विश्व बैंक के अनुरोध पर पाकिस्तान को रावी व्यास सतलुज, चिनाव झेलम सिंध नदियों का जल उपलब्ध कराने के लिए की गई थी।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक भारत सरकार ने केंद्रीय जल आयोग के इंजीनियरों को तुरंत सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है कि अगर सिंधु जल को पाकिस्तान जाने से रोकना हो तो किस प्रकार के निर्माण की जरूरत होगी।

क्योंकि इन नदियों पर हाइड्रल पावर स्टेशन तो हैं लेकिन जल भराव क्षमता कितनी है और उसे अपग्रेड करने के लिए कौन कौन सी जगह बांध बनाने पड़ेंगे। केंदीय वाटर रिसोर्स मंत्रालय,को भी सक्रिय किया गया है।

सेंटर फॉर इंडियन ओसियन वाटर मैनेजमेंट पुणे के डायरेक्टर डॉ भूले को दिल्ली तलब किया गया है।कुल मिलाकर मोदी सरकार ने पाकिस्तान को वाटर बॉम्ब के जरिए सबक सिखाने की ठान ली है। जानकारी के अनुसार

पानी को रोकना या एक दम छोड़ देना भी एक तरह का हथियार है। रावी व्यास सतलुज नदियों में पानी का प्रवाह काफी तेज होता है क्योंकि ये नदियां काफी ऊंचाई से गिरती हैं। पाकिस्तान में पिछले 70 वर्षों में कैनाल सिस्टम बना है तो इनका पानी नहरों में बह कर सिंचाई परियोजना के काम आता है। ब्रिटिश ने भी आजादी से पहले कुछ नहरें लाहौर, पेशावर, कराची में बनाई थी बाद में इनका विस्तार भी हुआ है। लेकिन अगर भारत की ओर से पानी अचानक छोड़ा गया तो पाकिस्तान में तबाही तय है।इसी लिए आज पाकिस्तान के हुक्मरान ने कहा है कि भारत पानी से लड़ेगा तो युद्ध माना जाएगा। पाकिस्तान ने आज सिंधु जल समझौता आयोग में आपत्ति दर्ज कराई है कि भारत इंडस वैली ट्रीटी के तहत हाइड्रल डेटा शेयर नहीं कर रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ ने वाटर बॉम्ब का इस्तेमाल हंगरी पोलैंड चेकोस्लोवाकिया के खिलाफ किया था। अभी हाल ही में यूक्रेन ने रूस एक बांध तोड़ कर पूर्वी रूस में तबाही मचाई थी। लेकिन पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो भारत के वाटर बॉम्ब को झेलना तो दूर बाढ़ को भी नहीं रोक पाएगा। लेकिन विशेषज्ञ का मत है कि हाल फिल हाल भारत को तैयारी के लिए साल भर तक लग सकता है क्योंकि पानी रोकने के लिए संचालित संरचना कायम करना पड़ेगी।

## आदि शंकराचार्य ने हिन्दू संस्कृति को पुनर्जीवित किया

महापुरुषों की कीर्ति युग-युगों तक स्थापित रहती। उनका लोकहितकारी चिंतन, दर्शन एवं कर्तृत्व कालजयी होता है, सार्वभौमिक, सार्वदैशिक एवं सार्वकालिक होता है और युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता हैं। आदि शंकराचार्य हमारे ऐसे ही एक प्रकाशस्तंभ हैं जिन्होंने एक महान हिंदू धर्माचार्य, दार्शनिक, गुरु, योगी, धर्मप्रवर्तक और संन्यासी के रूप में 8वीं शताब्दी में अद्वैत वेदांत दर्शन का प्रचार किया था। हिन्दुओं को संगठित किया। उन्होंने चार मठों की स्थापना की, जो भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थित हैं। आदि गुरु शंकराचार्य हिंदू धर्म में एक विशेष स्थान रखते हैं, उनके विराट व्यक्तित्व को किसी उपमा से उपमित करने का अर्थ है उनके व्यक्तित्व को ससीम बनाना। उनके लिये इतना ही कहा जा सकता है कि वे अनिर्वचनीय है। उन्हें हम धर्मक्रांति एवं समाज-क्रांति का सूत्रधार कह सकते हैं। अपने जन्मकाल से ही शिशु शंकराचार्य के मस्तक पर चक्र का चिन्ह, ललाट पर तीसरे नेत्र तथा कंधे पर त्रिशूल जैसी आकृति अंकित थी, इसी कारण आदि शंकराचार्य को भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है। भगवान शिव ने उन्हें साक्षात् दर्शन देकर अंध-विश्वास, रूढ़ियों, अज्ञानता एवं पाखण्ड के विरूद्ध जनजागृति का अभियान चलाने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने भयाक्रांत और धर्म विमुख जनता को अपनी आध्यात्मिक शक्ति और संगठन युक्ति से संबल प्रदान किया था।

## छत्तीसगढ़ में लिखा जा रहा है ग्रामीण आवास क्रांति का नया इतिहास

नसीम अहमद खान

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य में इन दोनों ग्रामीण विकास एवं सामाजिक सशक्तिकरण का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार एक अभिनव अभियान मोर दुवार- साय सरकार के माध्यम से गरीब ,वंचित और आवासहीन परिवारों के यहां दस्तक देकर उन्हें सम्मान के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर का अधिकार देने में जुटी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बीते दिनों जगदलपुर प्रवास के दौरान घाटपदमपुर ग्राम से इस अभियान की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री आवास योजना का तेजी से और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है ।इस बात को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री का पद संभालने के दूसरे दिन ही कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान कर स्पष्ट कर दिया था। छत्तीसगढ़ सरकार इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास देने के अपने संकल्प को पूरा कर रही है।

छत्तीसगढ़ में चल रही ग्रामीण आवास क्रांति का ही यह परिणाम है कि अब गांवों में विशेषकर पिछड़े और गरीब तबके की बस्तियों में मिट्टी के जीर्णशीर्ण घरों और बांस- बल्ली के सहारे टिकी घास-फूंस की झोपड़ी की जगह अब साफ-सुथरे पक्के मकान बने हुए अथवा बनते दिखाई देने लगे हैं। राज्य के मैदानी इलाकों से लेकर सुदूर वनांचल का कोई ऐसा गांव अथवा मजरा- टोला नहीं, जहां 8-10 पक्के घर, प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए हाल- फिलहाल में न बने हों। यह योजना न केवल लाखों गरीब परिवारों को छत दे रही है, बल्कि रोजगार, व्यापार और उद्योगों को भी गति प्रदान कर रही है। इससे सीमेंट, ईट, सरिया और निर्माण सामग्री से जुड़े व्यवसाय में तेजी आयी है। यह जनकल्याण और आर्थिक विकास का एक संतुलित मॉडल है। छत्तीसगढ़ राज्य को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए कुल 11,50,315 ग्रामीण आवासों का लक्ष्य प्रदान किया गया है, जिसमें से अब तक 9,41,595 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा छत्तीसगढ़ प्रवास दौरान राज्य को अतिरिक्त 3 लाख आवासों की स्वीकृति देने से यह प्रयास और भी व्यापक हो गया है। यह छत्तीसगढ़ के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी ग्रामीण आवासीय पहल है।

राज्य सरकार समाज के सभी वर्ग के पात्र परिवारों के साथ-साथ बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, अबूझमाड़िया एवं बिरहोर विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पक्का आवास उपलब्ध करा रही है।

## पहलगाम का ऐसा मंदिर जहां महादेव ने काटा था गणेश का शीश, जानिए पौराणिक कथा

हाल की में कश्मीर का सुंदर और शांत स्थान पहलगाम आतंकवादी हमले का शिकार हो गया था। हिमालय की गोद में बसे पहलगाम की शांति और सुरक्षा को आतंकियों ने बड़ा झटका दिया था। इस आतंकी हमले में कई पर्यटकों की मौत हो गई थी। आतंकी हमले के बाद पहलगाम में सन्नाटा पसरा हुआ है। ऐसे में लोग यहां जाने से डर रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पहलगाम की खूबसूरत वादियों में मन की शांति और धार्मिक आस्था से जुड़ा एक ऐसा फेमस मंदिर है। यह मंदिर लिद्दर नदी के पास समुद्र तल से 2200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। पहलगाम के ममलका गांव में ममलेश्वर मंदिर का निर्माण लोहरा वंश के राजा जयसिंह ने 12वीं शताब्दी में करवाया था। राजा जयसिंह ने इस मंदिर की छत पर सोने का कलश चढ़वाया था। ममलेश्वर मंदिर में भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित है और मंदिर में दो सुंदर नंदी की मूर्तियां भी हैं। यहां पर एक प्राकृतिक झरना बहता है, जिसका पानी कुंड में एकत्रित होता है। ममलेश्वर मंदिर को मम्मल मंदिर भी कहा जाता है। तो आइए जानते हैं इस मंदिर से जुड़ी पौराणिक कथा के बारे में... शिवपुराण के मुताबिक एक बार मां पार्वती ने स्नान करने से पहले उबटन लगाया और फिर उबटन उतारकर हल्दी का एक पुतला बनाया।

## रेटपेयर्स की सक्रिय भागीदारी से ही अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

भले ही आज हमारी अर्थव्यवस्था विश्व की दस प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक हो व जीडीपी रेंकिंग में इस साल हम विश्व की तीसरी प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी में हैं पर अर्थ व्यवस्था के तेजी से विकास के लिए रेटपेयर्स की भागीदारी बढ़ाने की आज सबसे अधिक आवश्यकता है। फ्रीबीज के जमाने में केन्द्रीय वित सचिव अजय सेठ द्वारा एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश की आर्थिक वृद्धि के लिए रेटपेयर्स को प्रोत्साहित करना जरुरी बताया है। दरअसल एक और राजनीतिक दलों द्वारा ऐन केन प्रकारेण सत्ता के स्वाद चखने की चाह पूरी करने के लिए लोकलुभावन फ्रीबीज सुविधाओं की घोषणाएं दर घोषणाएं की जा रही है तो दूसरी और देश को 2025 में जीडीपी रेंकिंग के अनुसार दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की चुनौती सामने हैं। अर्थव्यवस्था का सीधा सीधा गणित यह है कि एक तो करदाताओं द्वारा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से कर के रुप में सीधे सीधे आय सरकार को प्राप्त होती है तो दूसरी और सरकार अपनी विकास योजनाओं को अमलीजामा पहुंचाने के लिए उधारी से काम चलाने वाली स्थिति होती है जिसे हम बजट प्रस्तावों में उधारी के रुप में देखते हैं तो तीसरा प्रमुख स्रोत रेटपेयर्स होते हैं। देश का सेविंग पूल इन्हीं से बनता है। अब जहां तक आयकर का प्रश्न है तो आधार और पेनकार्ड के चलते अब आयकर के दायरें से तो कोई बच भी नहीं सकता। खासतौर से नौकरीपेशा या निश्चित पगार पाने वालों का तो आयकर सीधे सीधे और बिना किसी छीजत के सरकार को प्राप्त हो ही जाता है। इसमें किसी तरह की चोरी की संभावना भी लगभग ना ही है। लगभग यही स्थिति जीएसटी के बाद देखने को मिल रही है और साल दर साल जीएसटी संग्रहण में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।


दरअसल जब स्थानीय स्वशासन की परिकल्पना की गई थी तो उसके साथ यह भी था एक समय आते आते यह संस्थाएं अपनी गतिविधियों के संचालन के लिए सरकार पर निर्भर ना रहकर आत्मनिर्भर हो जाएगी और इन संस्थाओं को सरकार के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। पर एक और यह तो सपना ही बनकर रह गया दूसरी और राजनीतिक दलों ने फ्रीबीज का ऐसा चलन चलाया कि रेटपेयर्स की भूमिका कम से कम होती जा रही है। दरअसल रेटपेयर्स का प्रयोग सबसे पहले 1845 में माना जाता है। रेटपेयर्स की भूमिका को हम इसीसे अच्छी तरह से समझ सकते हैं कि न्यूजीलैण्ड सहित अनेक देशों में तो रेटपेयर्स अपने हितों की रक्षा के लिए एसोसिएशन बनाकर आगे आ रहे हैं। हमारे देश में हालात इससे विपरीत है। हमारे यहां तो पिछले कुछ सालों में रेटपेयर्स की सहभागिता दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है। संभवत: यही चिंता का कारण बन रहा है केन्द्रीय वित सचिव अजय सेठ के अनुसार।

रेटपेयर्स से सीधा सीधा अर्थ सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र में जो बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है उससे विकास या बेहतर सेवाओं के लिए राशि प्राप्त की जा सके। बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सार्वजनिक परिवहन या इसी तरह की सेवाएं इसके दायरें में आती है। चुनावी वादों के चलते सरकार द्वारा बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि को कम-ज्यादा पर फ्रीबीज के दायरें में प्रमुखता से ला रही है। पेंशन योजनाएं और फ्री राशन, सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं, सीनियर सिटीजन व अन्य को राहत या अन्य दूसरी इसी तरह क निर्णय रेटपेयर्स की अर्थ व्यवस्था में भागीदारी को सीमित करते हैं।

लोकतंत्र में समान अवसर और आर्थिक रुप से पिछड़े लोगों को विकास की धारा से जोड़ने के लिए अनुदानित योजनाओं का संचालन सरकार के लिए आवश्यक हो जाता है। संवेदनशील और लोकहितकारी सरकार के लिए यह आवश्यक भी हो जाता हैं। पर इसका मायना यह नहीं होना चाहिए कि सार्वजनिक सुविधाओं के लिए सरकार द्वारा जो राशि कर या अन्य रुप में प्राप्त की जाती है वह नहीं मिले और उसका भार भी ईमानदार कर दाताओं पर पड़े तो यह किसी भी हालत में सही नहीं कहा जा सकता है। फिर सरकार को सक्षम और कम सक्षम में कहीं ना कहीं अंतर करके ही चलना ही होगा। केन्द्रीय वित सचिव की मंशा कहीं ना कहीं यही होगी कि फ्रीबीज के कारण जो रेटपेयर्स की अर्थव्यवस्था में भागीदारी दिन प्रतिदिन कम हो रही है उसपर ध्यान देना आवश्यक है। इसमें कोई दो राय नहीं कि समाज की मुख्यधारा से वंचित लोगों को सहायता दी जाए पर इसका मतलब यह भी नहीं होना चाहिए कि मुख्यधारा से वंचित के नाम पर आर्थिक दृष्टि से सक्षम लोगों या परिवारों को भी यह सुविधाएं दी जाएं।

इससे होता यह है कि जो आम करदाता है वह तो अपने आपकों ठगा महसूस करता ही है वहीं कहीं ना कहीं समाज में गेप भी बढ़ता है। इसके अलावा आर्थिक विकास में जो जनभागीदारी होनी चाहिए वह भी बाधित होती है। ऐसे में फ्रीबीज की राजनीति के बीच रेटपेयर्स की भागदारी को भी बढ़ाना ही होगा जिससे अर्थव्यवस्था का मल्टिपल विकास संभव हो सके। आज के लाभार्थियों को भी अर्थ व्यवस्था के व्यापक हित में समझना होगा।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आर्थिक पक्ष को मजबूत बनाने हेतु कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं बनेंगी। आज दिन भर घर की व्यवस्था और सुधार संबंधी कामों में व्यस्तता रहेगी।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज आपकी मानसिक और आत्मिक सुख शांति बनी रहेगी। इच्छित कार्य समय पर पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा। आज जीवन में सब कुछ होते हुए भी कुछ खालीपन सा महसूस होगा।

मिथुन राशि- आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज परिवार में किसी सदस्य की उपलब्धि से घर में खुशनुमा वातावरण रहेगा। मनोरंजन सम्बन्धी प्रोग्राम बना सकते है। आज थोड़ी-सी कोशिश से आप ऊंचे पद पर पहुंच सकते हैं।

कर्क राशि- आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें।

सिंह राशि- आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी किसी अनजान व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है जो कि आपके लिए लाभदायक साबित होगा।

कन्या राशि- आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी नजदीकी रिश्तेदार की समस्या को हल करने में आपकी विशेष भूमिका रहेगी।

तुला राशि- आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नए कार्यों को सीखने में लगेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अपने लिए कुछ खास करने का प्लान बनायेंगे। शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लेंगे 7 आज आप अपने रहन-सहन में बदलाव करने की सोचेंगे जिसमें आपको फायदा होगा।

धनु राशि- पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं।

मकर राशि- आज का दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

मीन राशि- आज का दिन फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं। आज का दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के अमरावती राजधानी के विकास के लिए 58,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं, सड़कों, रक्षा, रेलवे और औद्योगिक बुनियादी ढांचे की आधारशिला रखी और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और अन्य नेता भी मौजूद रहे। नरेंद्र मोदी ने राजधानी अमरावती के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखने के बाद एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि अमरावती वो धरती है, जहां परंपरा और प्रगति दोनों साथ चलते हैं। जहां बौद्ध विरासत की शांति भी है और विकसित भारत के निर्माण की ऊर्जा भी है।



# मोदी सरकार का बड़ा ऐलान- पूरे देश में होगी जाति जनगणना, कैबिनेट बैठक में लिए गए कई बड़े फैसले

नई दिल्ली (आरएनएस)। बिहार विधानसभा चुनावों के पहले सरकार ने राजनीतिक महत्व का एक बड़ा कदम उठाते हुए देश में आम जनगणना में जातियों की गणना कराने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया।

रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। वैष्णव ने कहा, कांग्रेस की सरकारों ने आज तक जाति जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद की सभी जनगणनाओं में जातियों की गणना नहीं की गयी। वर्ष 2010 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर केबिनेट में विचार किया जाएगा। तत्पश्चात एक मंत्रिमण्डल समूह का भी गठन किया गया था जिसमें अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति आधारित जनगणना की संस्तुति की थी। इसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने जाति जनगणना के बजाए, एक सर्वे कराना ही उचित समझा जिसे एसईसीसी के नाम से जाना जाता है। इस सब के बावजूद कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने जाति जनगणना के विषय को केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग किया। सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर अंकित है और यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कई राज्यों ने सर्वे के माध्यम से जातियों की जनगणना की है। जहां कुछ राज्यो में यह कार्य सूचारू रूप से संपन्न हुआ है वहीं कुछ अन्य राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से और गैरपारदर्शी ढंग से सर्वे किया है। इस प्रकार के सर्वे से समाज में भ्रांति फैली है। इन सभी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए और यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा सामाजिक ताना बाना राजनीति के दबाव मे न आये, जातियों की गणना एक सर्वे के स्थान पर मूल जनगणना में ही सम्मिलित होनी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश की भी प्रगति निर्बाध होती रहेगी। वैष्णव ने कहा, आज दिनांक 30 अप्रैल 2025 के दिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक विषयों की कैबिनेट समिति ने यह निर्णय लिया है कि जातियों की गणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित किया जाए। यह इस बात को दर्शाता है कि वर्तमान सरकार देश और समाज के सर्वांगीण हितों और मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके पहले भी जब समाज के गरीब वर्गों को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था तो समाज के किसी घटक में कोई तनाव उत्पन्न नहीं हुआ था। उल्लेखनीय है कि सरकार के इस फैसले का बिहार विधानसभा के सितंबर अक्टूबर में होने वाले चुनाव की दृष्टि से देखा जा रहा है जहां विपक्षी इंडी गठबंधन द्वारा उठायी गयी जातीय जनगणना कराने की मांग जोर पकड़ रही है। केन्द्र की राष्टीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के इस फैसले को बिहार की राजनीति में उलटफेर करने वाला निर्णय माना जा रहा है।

मेघालय से असम तक हाईवे

केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर बोलते हुए, वैष्णव ने कहा, 'केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 22,864 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से शिलांग से सिलचर तक एक हाई-स्पीड कॉरिडोर राजमार्ग को मंजूरी दी है.' इसके अलावा आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति से कटपडी तक 104 किमी की सिंगल रेलवे लाइन को डबल लाइन में बदला जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 2025-26 के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 355 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली के पूसा परिसर में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की.



कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी रायबरेली में विसाका इंडस्ट्रीज लिमिटेड में 2 मेगावाट के एटीयूएम सोलर रूफ प्लांट और एटीयूएम इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन के उद्घाटन के दौरान.

## एफआईआर कर दूंगी... खेसारी संग जुड़ा नाम, फेक न्यूज पर भड़कीं रानी चटर्जी, पहले भी दे चुकी हैं धमकी

मुंबई (आरएनएस)। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री रानी चटर्जी ने अपनी खिलाफ चली एक न्यूज को 'फेक' बताते हुए कानूनी एक्शन लेने की धमकी दी है। ये पहली बार नहीं है जब भोजपुरी स्टार ने धमकी से काम लिया हो वो पहले भी ऐसा कर चुकी हैं। कभी सुसाइड की तो कभी लात मारने की धमकी दे चुकी हैं।

एक न्यूज का हवाला देते हुए रानी चटर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर पोस्ट शेयर कर चैनल को खूब खरी खोटी सुनाई। रानी ने लिखा, दोबारा ऐसी फालतू न्यूज चलाई तो आपके चैनल पर एफआईआर कर दूंगी। कोई सबूत है आपके पास कि रानी, खेसारी के साथ काम करने को तरसती है या मैंने उन्हें डिमोटिवेट किया है। खेसारी जी तो कुछ भी बोल देते हैं, उन्हें बस दूसरों को नीचा दिखाकर खुद को बड़ा दिखाना होता है।

शेयर किए गए न्यूज में लिखा था, खेसारी के साथ काम करने से रानी ने मना कर दिया था, अब उनके साथ काम करने को तरसती हैं।

न्यूज चैनल को समझाते हुए रानी ने आगे लिखा, खेसारी लाल जब हीरो भी नहीं बने थे, उसके कई साल पहले से काम कर रही हूं। वो 'नागिन' में केवल इसलिए नजर आए थे क्योंकि मैंने कोई ऑब्जेक्शन नहीं किया था, बल्कि मैंने उनका सपोर्ट ही किया था। मैं कभी रिएक्ट नहीं करती हूं, मगर अब ज्यादा हो रहा है।

चटर्जी ने बताया कि 20 साल के करियर में उन्हें काम के लिए कभी कोई दिक्कत नहीं आई या तरसना नहीं पड़ा। उन्होंने आगे लिखा, खेसारी लाल की हर बात सही हो, यह जरूरी नहीं है। मैंने ही नहीं, पूरी इंडस्ट्री ने उनका सपोर्ट किया है और आपको पत्रकारिता ही करनी है तो सबूत के साथ कीजिए। बता दूं कि नए एक्टर्स का जितना सपोर्ट रानी ने किया है, उतना कोई हीरोइन नहीं सोच सकती और बात रही तरसने की, तो 20 साल से भोजपुरी सिनेमा में मुझे कभी काम के लिए तरसना नहीं पड़ा।

अभिनेत्री ने आगे बताया, रानी चटर्जी ने जब 2004 में 'ससुरा बड़ा पैसे वाला' से डेब्यू किया था, तब किसी से न तो डरी और न ही तरसी थीं, तो आज 2025 में जब मैं सक्षम हूं, तो क्या तरसूंगी।

वहीं, खेसारी लाल पर तंज कसते हुए अभिनेत्री ने आगे लिखा, सच्चाई ये है कि जिस अभिनेता की आप बात कर रहे हैं, उन्होंने अपने शुरुआती दिनों में मदद करने वाले किसी भी एक्टर की इज्जत नहीं रखी, तो आगे क्या कहूं। एक सुपरस्टार को अपने को-स्टार के बारे में बोलने से पहले सोचना चाहिए। सच बताऊं तो मैं उनकी दोस्त हूं, लेकिन अब मैं शायद ही कभी लिख पाऊंगी कि मैं उनकी दोस्त हूं। इस तरह के झूठे इल्जाम से मैं आहत हूं। इस बीच बता दें कि न्यूज चैनल को धमकी देने वाली अभिनेत्री रानी का यह पहला मामला नहीं है। वह इससे पहले भी कई बार गुस्से में धमकी दे चुकी हैं। इससे पहले उनके नाम से फेक अकाउंट बनाकर कमेंट करने वाले यूजर को उन्होंने लात मारने की धमकी दी थी। इसके साथ ही उन्होंने मुंबई पुलिस से भी एक्शन लेने की अपील की थी।

## हरियाणा को एक बूंद भी अतिरिक्त पानी नहीं मिलेगा - सीएम भगवंत मान


चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र सरकार पर पानी को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा है कि वह भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) के माध्यम से पंजाब पर दबाव बना रही है, ताकि हरियाणा को अतिरिक्त पानी दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने इस कदम को केंद्र सरकार की एक और गंदी चाल करार देते हुए स्पष्ट किया कि पंजाब अपने हिस्से से एक बूंद भी अतिरिक्त पानी हरियाणा को नहीं देगा।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, %%भाजपा की केंद्र सरकार की तरफ से पंजाब के पानी को लेकर एक और गंदी चाल चली जा रही है, हम इसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि हर साल 21 मई से लेकर अगले वर्ष 21 मई तक का पानी वितरण का कोटा निर्धारित होता है। इस अवधि में पंजाब और हरियाणा को उनके हिस्से के अनुसार पानी दिया जाता है।

उन्होंने दावा किया कि हरियाणा अपने हिस्से का सारा पानी मार्च महीने में ही इस्तेमाल कर चुका है, जबकि अब अप्रैल और मई के लिए अतिरिक्त पानी की मांग की जा रही है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ उ%च स्तरीय सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की.

## पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने के आरोप में मजदूर की पीट-पीटकर हत्या, 20 लोग गिरफ्तार

मंगलुरु (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले और देशभर में फैले गुस्से के माहौल के बीच कर्नाटक के मंगलुरु जिले से एक विचलित करने वाली घटना सामने आई है। यहां पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के आरोप में भीड़ ने एक दिहाड़ी मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अब तक 20 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि मृतक की पहचान केरल के वायनाड निवासी अशरफ (ह्यद्धह्द्ध) के रूप में हुई है। अशरफ मंगलुरु में मजदूरी का काम करता था। पुलिस ने इस हत्या के संबंध में अब तक 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है, जबकि इस घटना में शामिल अन्य 5 आरोपियों की तलाश जारी है।

यह घटना बीते रविवार की शाम करीब 5.30 बजे उस समय प्रकाश में आई जब पुलिस को कुडुपु इलाके में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली। शुरुआती तौर पर शव पर कोई बाहरी चोट का निशान नहीं दिख रहा था, जिसके चलते पुलिस ने शुरुआत में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया था और शव को पोस्टमार्टम के लिए वेनलॉक जिला अस्पताल भेजा गया था।

## पाकिस्तान ने फिर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन, एलओसी पर कई जगह फायरिंग, सेना ने की जवाबी कार्रवाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा पर बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रही है। 29-30 अप्रैल की रात को भी पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए नियंत्रण रेखा के उस पार से भारतीय इलाकों में गोलीबारी की है। भारतीय सेना के मुताबिक 29-30 अप्रैल की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के सामने नियंत्रण रेखा के पार से फायरिंग की। पाकिस्तानी सेना द्वारा यह फायरिंग बिना किसी उकसावे के की गई है। फायरिंग के लिए छोटे हथियारों का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सेना के जवानों ने बिना देरी किए तेजी से इस फायरिंग का जवाब दिया। गौरतलब है कि पाकिस्तान की सैन्य चौकियों से पिछले 6 दिनों से फायरिंग की जा रही है। नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के अलावा पाकिस्तानी सेना ने कई अन्य स्थानों पर भी गोलीबारी की है। सेना के अनुसार पाकिस्तानी सेना द्वारा 29-30 अप्रैल की रात को ही नियंत्रण रेखा के पार से बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में भी गोलीबारी की गई। पाकिस्तानी सैन्य चौकियों द्वारा परगवाल सेक्टर में भी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई है। भारतीय सेना के जवानों ने इन सभी स्थानों पर पाकिस्तान को उचित व करारा जवाब दिया है। सेना के मुताबिक 28-29 अप्रैल की रात को भी पाकिस्तानी सेना ने कुपवाड़ा और बारामूला जिलों के साथ-साथ अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार से बिना उकसावे के गोलीबारी की थी।

### सिर्फ एक को मारेंगे जो एक लाख के बराबर होगा', लॉरेंस बिश्नोई गैंग की पाकिस्तान को धमकी; टारगेट पर ये आतंकी

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अब कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हमले का बदला लेने की धमकी दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें गैंग ने पाकिस्तान में घुसकर 'एक लाख के बराबर' व्यक्ति को मारने की बात कही है। वायरल पोस्ट में कहा गया है, पहलगाम हमले में बेगुनाह लोगों की हत्या का जवाब देने के लिए हम पाकिस्तान में घुसकर एक ऐसे आदमी को मारेंगे, जो एक लाख के बराबर होगा। इस पोस्ट के साथ आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद की तस्वीर भी लगाई गई है, जिस पर क्रॉस (काट-मार्क) का निशान बना हुआ है। यह सीधे तौर पर हाफिज सईद को निशाना बनाने की धमकी मानी जा रही है। भारत में कई बड़ी आपराधिक वारदातों में जिसका नाम सामने आता रहा है, उस लॉरेंस बिश्नोई गैंग द्वारा कथित तौर पर साझा किया गया यह पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जंगल की आग की तरह फैल रहा है।




122,518 भारतीय तीर्थयात्रियों के हज 2025 के लिए नई दिल्ली से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया.



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना में आईपीएल इतिहास में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने पर 14 वर्षीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को बधाई देते हुए ।

## जनता दर्शन में सीएम योगी बोले- कब्जामुक्त कराएं जमीन, दबंगों को दिखाएं सबक

गोरखपुर (आरएनएस)। 'चिंता मत करिए। आपकी समस्या का समाधान कराएंगे और यहां से वापस घर जाने का किराया भी देंगे।' संवेदना के पुट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले इस आत्मीय संबल ने जमीनी विवाद की समस्या लेकर जनता दर्शन में आई महिला कृतज्ञता के भाव में करबद्ध हो गई।

हुआ यूं कि गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान एक महिला ने जमीनी विवाद से जुड़ी समस्या मुख्यमंत्री को बताई। इस पर सीएम योगी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही का निर्देश देते हुए महिला को भरोसा दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री का यह आश्वासन सुनते ही महिला ने भारी मन से एक और पीड़ा बता दी। कहा कि घर वापस जाने के लिए किराया नहीं है। महिला की यह बात सुन सीएम योगी ने कहा, परेशान मत होइए, घर जाने का किराया भी मिल जाएगा। इतना कहते ही उन्होंने मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों से महिला को किराए की रकम देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के इस भावपूर्ण व्यवहार पर महिला करबद्ध होकर कृतज्ञता जताने लगी।

बुधवार को आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और सभी समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कानून सम्मत सख्त एक्शन लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

हर बार की भांति इस बार के जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे।



शाहरुख के साथ 2007 में फिल्म ''ओम शांति ओम'' से अभिनय की शुरुआत करने से पहले एक मॉडल के रूप में काम कर चुकीं पादुकोण ने कहा, ''मैं वास्तव में खुद से कहूंगी कि मैंने (जीवन में) बहुत अच्छा किया है। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने बृहस्पतिवार को यहां वेव्स शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि जब वह काम नहीं कर रहे होते, तो ध्यान की अवस्था में होते हैं। उन्होंने 'विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) के दौरान 'सफरः बाहरी से बादशाह तक' के सत्र को संबोधित करते हुए भारत में अधिक सिनेमाघरों और सस्ती टिकटों की भी वकालत की।

# नविना बोले ने व्हाइट बिकिनी में कराया हॉट फोटोशूट, इंस्टाग्राम पर शेयर की बोल्ड तस्वीरें

टीवी और सोशल मीडिया की पॉपुलर एक्ट्रेस नविना बोले ने एक बार फिर अपने बोल्ड अवतार से फैंस को हैरान कर दिया है. नविना ने हाल ही में एक व्हाइट बिकिनी में ग्लैमरस फोटोशूट करवाया, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं. तस्वीरों में नविना बोले बीच वाइब्स को एंजॉय करती नजर आ रही हैं। खुले बाल, मिनिमल मेकअप और स्टाइलिश व्हाइट बिकिनी में नविना का यह लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. तस्वीरों के साथ नविना ने कैप्शन में लिखा है - वर्तमान में हवाई में हार्लेज़ की सवारी कर रही हूँ .



इस फोटोशूट के लिए नविना ने द रिट्रीट होटल एंड कन्वेंशन सेंटर, मध मुंबई को लोकेशन के तौर पर चुना है. उनके इस स्टनिंग लुक को फैंस से भरपूर प्यार मिल रहा है. कमेंट सेक्शन में लोग हार्ट और फायर इमोजी के जरिए उनकी तारीफ कर रहे हैं.

नविना बोले की यह लेटेस्ट तस्वीरें इस बात का सबूत हैं कि वह फिटनेस और फैशन दोनों के मामले में किसी से कम नहीं हैं. एक्ट्रेस की ये तस्वीरें ना सिर्फ उनके स्टाइलिश अंदाज को बयां करती हैं बल्कि उनकी आत्मविश्वास भरी पर्सनैलिटी को भी दर्शाती हैं.

**केसरीः चैप्टर 2 की कमाई में मामूली सुधार, 10वें दिन खाते में आए इतने करोड़ रुपये**

करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी फिल्म केसरीः चैप्टर 2 का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। इस फिल्म ने आते ही दर्शकों के दिलों में जगह बना ली, वहीं समीक्षकों से भी इसे बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली।

अक्षय कुमार की इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज का दूसरा सप्ताह चल रहा है और यह दर्शकों के बीच अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।

आइए जानें केसरी 2 ने 10वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, केसरी 2 ने अपनी रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को 8.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 65.45 करोड़ रुपये हो गया है। केसरी 2 साल 2019 में आई फिल्म केसरी का सीक्वल है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुआ। हालांकि, केसरी 2 की कहानी का पहले भाग से कोई लेना-देना नहीं है।

**अजय देवगन की रेड 2 को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी, हटाए गए 2 संवाद**

अभिनेता अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की रिलीज को अब सिर्फ चंद दिन बाकी हैं। यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

फिल्म का ट्रेलर और कुछ गाने पहले ही रिलीज हो चुके हैं। अजय इन दिनों जोर-शोर से फिल्म का प्रचार कर रहे हैं।

ताजा खबर यह है कि को सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है। इस फिल्म को सेंसर बोर्ड की तरफ से यू/ए 7+ सर्टिफिकेट मिला है।

रिपोर्ट के मुताबिक, रेड 2 को सेंसर बोर्ड से यू/ए 7+ मिला है। यह सर्टिफिकेट मिलने का मतलब यह है कि इस फिल्म को हर उम्र के लोग देख सकते हैं और 7 साल से कम उम्र के बच्चों को किसी व्यस्क के साथ फिल्म देखनी होगी।

# कशिका कपूर ने अल्लू अर्जुन के साथ स्क्रीन शेयर करने की जताई इच्छा

कशिका कपूर ने अल्लू अर्जुन-एटली प्रोजेक्ट का सपना देखा। अल्लू अर्जुन-एटली प्रोजेक्ट की घोषणा बहुत ही शानदार तरीके से की गई और इसमें सिल्वर स्क्रीन पर पहले कभी न देखी गई भारतीय झलक का वादा किया गया। इस बीच, एलवाईएफ (लव योर फादर) से टॉलीवुड में डेब्यू करने वाली कशिका कपूर ने पत्रकारों से बात करते हुए अल्लू अर्जुन के साथ स्क्रीन शेयर करने की इच्छा जताई। कशिका ने कहा, अल्लू अर्जुन सर एक अद्भुत शख्सियत हैं, उनका करिश्मा, स्टाइल और अपने काम के प्रति समर्पण वाकई प्रेरणादायक है। मैं हमेशा से उनकी इस बात की प्रशंसा करती रही हूं कि वे जिस तरह से हर किरदार को आसानी से अपना लेते हैं, उसमें ढल जाते हैं। किसी दिन उनके साथ स्क्रीन शेयर करना एक सपने के सच होने जैसा होगा। उनके द्वारा बनाए गए सिनेमाई ब्रह्मांड का हिस्सा बनने के विचार से ही मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं! कशिका कपूर ने अपने म्यूजिक वीडियो से प्रसिद्धि पाई और टॉलीवुड में एलवाईएफ से डेब्यू करने से पहले उन्होंने आयुषमती गीता मैट्रिक पास से हिंदी में डेब्यू किया।



**बॉक्स ऑफिस पर सनी देओल की जाट की पकड़ बरकरार, 18वें दिन रहा ऐसा हाल**

अभिनेता सनी देओल की फिल्म जाट को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 18 दिन पूरे हो गए हैं।

यह फिल्म बीते 10 अप्रैल को रिलीज हुई थी और पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई कर रही है। हालांकि, गुजरते दिन के साथ फिल्म के कारोबार में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। अब फिल्म जाट की कमाई के 18वें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जिसमें मामूली सुधार देखने को मिला है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जाट ने रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे रविवार को 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 84.90 हो गया है।

## बॉक्स ऑफिस पर मई में होगा महामुकाबला, अजय देवगन और संजय दत्त से शुरू होगी जंग

जहां अप्रैल में कई बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों से सिनेमाघर गुलजार रहे, वहीं मई का महीना भी सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि कई चर्चित फिल्में सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार हैं। ये वो फिल्में हैं, जिनमें दर्शकों को एक्शन से लेकर, रोमांस, रोमांस, कॉमेडी और खूब ड्रामा देखने को मिलेगा। कई सितारों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर आमने-सामने होंगी। आइए नजर डालें मई में आने वाली चर्चित फिल्मों पर। शुरुआत करते हैं रेड 2 से, जिसके हीरो हैं अजय देवगन और विलेन हैं रितेश देशमुख। फिल्म में इस बार अजय की पत्नी का किरदार अभिनेत्री वाणी कपूर ने निभाया है, जबकि रेड में इलियाना डिक्रूज इस भूमिका में नजर आई थीं। रेड पर दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब प्यार लुटाया था। ऐसे में रेड 2 से न सिर्फ अजय, बल्कि उनके प्रशंसकों को भी बड़ी उम्मीदें हैं। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी। एक ओर जहां अजय 1 मई को रेड 2 लेकर आ रहे हैं, वहीं संजय दत्त इसी दिन अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म द भूतनी के साथ सिनेमाघरों में आएंगे। इसमें मौनी रॉय, श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी और सनी सिंह भी दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया। अब देखना ये है कि रेड 2 और द भूतनी में बॉक्स ऑफिस पर बाजी कौन मारती है। अभिनेता राजकुमार राव पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म भूल चूक माफ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है। यह पहला मौका है, जब राजकुमार और वामिका किसी फिल्म में रोमांस करते नजर आएंगे। स्त्री फ्रैंचाइजी वाले दिनेश विजान ने इस फिल्म पर पैसे लगाए हैं। सीमा पहवा भी फिल्म का हिस्सा हैं। भूल चूक माफ 9 मई को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। सुपरस्?टार पवन कल?याण की फिल?म हरि हर वीरा मल्लू को लेकर भी दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह यूं तो तमिल भाषा की फिल्म है, लेकिन फिल्म पवन कल्याण की है, जिनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है, वहीं बॉबी देओल भी इस फिल्म में हैं।

# तन्वी द ग्रेट की लीड एक्ट्रेस से हटा पर्दा, अनुपम खेर की डायरेक्टोरियल फिल्म में शुभांगी दत्त आएगी नजर

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर अनुपम खेर 23 साल के लंबे अंतराल के बाद डायरेक्टर की कुर्सी पर बैठे है. अनुपम खेर की आने वाली फिल्म तन्वी द ग्रेट उनके करियर की एक मील का पत्थर है. फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में होगा. वहीं, अनुपम खेर ने काजोल के साथ मिलकर तन्वी द ग्रेट की लीड एक्ट्रेस का फर्स्ट लुक जारी किया है.

अनुपम खेर ने अपने प्रोडक्शन हाउस अनुपम खेर स्टूडियो के सोशल मीडिया हैंडल पर तन्वी द ग्रेट की लीड एक्ट्रेस की झलक दिखाई है. अनुपम खेर स्टूडियो के ऑफिशियल इंस्टाग्राम स्टोरी पर तन्वी द ग्रेट की लीड एक्ट्रेस के फर्स्ट लुक टीजर इवेंट से कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं.

पहले पोस्ट में कौन है तन्वी द ग्रेट के बड़े-बड़े पोस्टर देखे जा सकते हैं. जबकि, दूसरे पोस्ट में फर्स्ट लुक की टीजर देखा जा सकता है. इस पोस्ट को कैप्शन दिया गया है, और यहां है वो... मिलिए शुभांगी दत्त से. एक अन्य पोस्ट में स्टेज पर खड़े अनुपम खेर को काजोल के साथ मुस्कुराते नजर आ रहे हैं. अनुपम खेर स्टूडियो पर तन्वी द ग्रेट से शुभांगी का फर्स्ट लुक टीजर जारी किया गया है और कैप्शन में लिखा है, जबसे मैंने आपको तन्वी द ग्रेट का फर्स्ट लुक दिखाया था तभी से मुझे आपको तन्वी से मिलाने की बहुत उत्सुकता थी. तो आज वो दिन आखिर आ ही गया. लीजिये, मिलिए दुनिया की सबसे प्यारी, अनोखी और मूल लड़की, तन्वी से.

फिल्म की कहानी तन्वी नाम की एक रहस्यमयी लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो लैंसडाउन, उत्तराखंड की रहने वाली है. उसकी आंखों में कई सपने हैं, जिसे वह पूरा करने का ख्वाब देखती है. इससे पहले, एक्टर ने यह अनाउंसमेंट किया था कि फिल्म को वर्ल्ड प्रीमियर कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में होगा. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शुभांगी का फर्स्ट लुक टीजर शेयर किया है और फिल्म के बारे में कुछ जानकारी साझा की है. तरण आदर्श ने लिखा है, काजोल ने अनुपम खेर की निर्देशित फिल्म तन्वी द ग्रेट से शुभांगी को लीड एक्ट्रेस के तौर पर पेश किया है. फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर कान्स में होगा. अनुपम खेर ने शुभांगी को अपनी आगामी निर्देशित फिल्म तन्वी द ग्रेट की लीड लेडी के रूप में पेश किया है. काजोल ने एक इवेंट में फर्स्ट लुक टीजर का अनावरण किया है. तरण आदर्श के मुताबिक, शुभांगी का सेलेक्शन अनुपम खेर के प्रसिद्ध एक्टिंग स्कूल, एक्टर प्रिपेयर्स से हुआ है, जहां उन्होंने सालों तक ट्रेनिंग ली. यह फिल्म प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने वर्ल्ड प्रीमियर के लिए तैयार है.

अनुपम खेर ने तन्वी द ग्रेट का निर्देशन किया है. जबकि, अकादमी पुरस्कार और गोल्डन ग्लोब पुरस्कार विजेता एम.एम. कीरवानी ने फिल्म में संगीत दिया है. इस फिल्म का निर्माण अनुपम खेर स्टूडियो ने एनएसडीसी के सहयोग से किया है.

**बॉक्स ऑफिस पर ग्राउंड जीरो की कमाई में बढ़ोतरी, तीसरे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये**

काफी समय से इमरान हाशमी फिल्म ग्राउंड जीरो को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म बीते 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से हरी झंडी मिली। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह दर्शकों के लिए तरसती दिख रही है।

पहले दिन से ही फिल्म का टिकट खिड़की पर हाल-बेहाल है, लेकिन वीकेंड पर ग्राउंड जीरो की कमाई में बढ़ोतरी देखने को मिली। आइए जानें तीसरे दिन फिल्म का क्या हाल रहा।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, ग्राउंड जीरो ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 2.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ भारत में फिल्म का कुल कारोबार 5.20 करोड़ रुपये हो गया है। ग्राउंड जीरो ने 1.15 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 1.9 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

# तरबूज खाने के बाद भूल से भी न खाएं ये चीजें, हो सकती हैं समस्याएं

गर्मियों में तरबूज खाना काफी अच्छा माना जाता है क्योंकि यह शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकता है।



हालांकि, तरबूज खाने के बाद कुछ खान-पान की चीजों का सेवन करने से बचना चाहिए क्योंकि इनका इनसके साथ सेवन करने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

आइए आज हम आपको उन चीजों के बारे में बताते हैं, जिनके सेवन से तरबूज की तासीर में बदलाव आ सकता है।

तरबूज और नमक का मेल नहीं है अच्छा

तरबूज खाने के बाद नमक का सेवन नहीं करना चाहिए।

इसका कारण है कि नमक और तरबूज का एकसाथ सेवन करने से खून में सोडियम का स्तर बढ़ सकता है। इससे शरीर में पानी का स्तर भी बढ़ जाता है, जो शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

बता दें कि शरीर को पर्याप्त पानी की मात्रा बनाए रखने के लिए सोडियम की जरूरत होती है, लेकिन सोडियम का अधिक स्तर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

तरबूज के बाद दही और छाछ न पिएं

तरबूज के बाद दही या छाछ का सेवन भी नुकसान पहुंचा सकता है।

ऐसा इसलिए है क्योंकि इन चीजों का सेवन करने से पाचन क्रिया पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त तरबूज खाने के बाद दही का सेवन करने से शरीर में कफ की समस्या हो सकती है। इस समस्या के कारण सांस लेने में तकलीफ और छाती में जकड़न जैसी कई परेशानियां हो सकती हैं। इसलिए तरबूज खाने के बाद दही या छाछ न पिएं।तरबूज के बाद पानी भी है नुकसानदायक

तरबूज खाने के बाद पानी पीने से भी बचना चाहिए। हालांकि, तरबूज खाने से पहले या बीच में पानी पीने से कोई नुकसान नहीं है।

इसका कारण है कि तरबूज में पहले से ही 90 प्रतिशत पानी होता है और इसे खाने के तुरंत बाद पानी पीने से पाचन क्रिया पर दबाव पड़ता है, जिससे उल्टी और दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए तरबूज खाने के कम से कम 1-2 घंटे बाद ही पानी पिएं।

तरबूज के बाद ठंडी चीजें न खाएं

तरबूज खाने के बाद ठंडा पानी या ठंडी चीजें जैसे आइसक्रीम आदि खाने से भी बचना चाहिए। दरअसल, ठंडे पानी या ठंडी चीजों का सेवन करने से तरबूज में मौजूद पोषक तत्वों का अवशोषण ठीक से नहीं हो पाता है। इसके अतिरिक्त ठंडी चीजें खाने से गले में खराश की समस्या हो सकती है। अगर आपको तरबूज खाने के तुरंत बाद ठंडी चीजों का सेवन करना ही है तो तरबूज के बाद 1-2 घंटे का अंतर रखें।

तरबूज के बाद चाय या कॉफी न पिएं

तरबूज खाने के बाद चाय या कॉफी पीने से भी बचना चाहिए। हालांकि, आप चाहें तो तरबूज खाने से पहले या बीच में चाय या कॉफी पी सकते हैं। दरअसल, तरबूज खाने के बाद चाय या कॉफी पीने से पाचन क्रिया पर बुरा असर पड़ सकता है। खासतौर से अगर आप चाय या कॉफी में चीनी मिलाकर पीते हैं तो इससे गैस बनने लगती है।

००

# सीटेड लेग प्रेस को सही तरीके से करने के लिए इन बातों का रखें ध्यान

सीटेड लेग प्रेस एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो निचले शरीर की मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद करती है। यह एक्सरसाइज खासतौर पर जांघों, बटों और पिंडलियों पर काम करती है। सही तरीके से सीटेड लेग प्रेस करने से आपको अधिकतम लाभ मिल सकता है।



आइए आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप इस एक्सरसाइज को और भी प्रभावी बना सकते हैं।

मशीन पर सही पोजिशन बनाएं

सीटेड लेग प्रेस मशीन पर बैठते समय ध्यान रखें कि आपकी पीठ पूरी तरह से मशीन की पीठ सहारे पर होनी चाहिए।

पैरों को प्लेट पर इस तरह रखें कि घुटने सीधे हों और पंजे पूरी तरह से प्लेट पर टेढ़े रखें। इससे आपको बेहतर संतुलन मिलेगा और एक्सरसाइज करते समय कोई दिक्कत नहीं होगी।

इसके अलावा पैरों की स्थिति को ठीक से सेट करने से मांसपेशियों पर सही दबाव पड़ेगा और आपको अधिकतम लाभ मिलेगा।

वजन का चयन समझदारी से करें

शुरुआत में हल्के वजन का चयन करें ताकि आपकी मांसपेशियां इसकी आदत डाल सकें।

धीरे-धीरे वजन बढ़ाएं जब आपको एक्सरसाइज करने में सहजता महसूस होने लगे। इससे चोट लगने का खतरा कम होगा और आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी। ध्यान रखें कि वजन इतना न हो कि आप सही फॉर्म में न कर सकें।

सही वजन चुनने से आप अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकते हैं और अपनी फिटनेस को बेहतर बना सकते हैं।

धीरे-धीरे एक्सरसाइज करें

सीटेड लेग प्रेस करते समय गति पर खास ध्यान दें। इसे धीरे-धीरे ऊपर और नीचे करें ताकि मांसपेशियों पर लगातार दबाव बना रहे।

तेजी से करने पर चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है और मांसपेशियां पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाएंगी।

धीरे-धीरे ऊपर लाने और नीचे करने से न केवल आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे बल्कि आपकी मांसपेशियां भी मजबूत होंगी।

इसके अलावा यह तरीका आपकी सहनशक्ति को भी बढ़ाता है।

सांसों पर ध्यान दें

एक्सरसाइज करते समय सांसों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

ऊपर की ओर धकेलते समय सांस लें और नीचे लाते समय सांस छोड़ें। इससे आपकी शारीरिक क्षमता बढ़ेगी और एक्सरसाइज का असर बेहतर होगा।

सही तरीके से सांस लेने से न केवल आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी बल्कि आपकी सहनशक्ति भी बढ़ेगी।

इसके अलावा यह तरीका आपको अधिकतम लाभ प्रदान करेगा और एक्सरसाइज को और भी प्रभावी बनाएगा।

वार्म-अप और स्ट्रेचिंग करें

किसी भी प्रकार की एक्सरसाइज से पहले वार्म-अप करना जरूरी है ताकि शरीर तैयार हो सके और चोट लगने का खतरा कम हो जाए।

इसके बाद एक्सरसाइज करने के बाद स्ट्रेचिंग करना न भूलें ताकि मांसपेशियां आराम करें और लचीलापन बना रहे।

## शब्द सामर्थ्य -033

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरन्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 032 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना सिहोरा में रात्रि में प्रकाश उर्फछोटू दीवान चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम हरदुआ कला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बिल्डिंग बनाने मिस्त्री का काम करता है दिनांक 1-5-25 की शाम लगभग 7 बजे उसके चाचा का लड़का नीलेश चौधरी उम्र 30 वर्ष उसके घर के सामने आया और उसके भाई नीलू चौधरी की शादी की बात को लेकर उसके साथ गाली गलोज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो लकड़ी से हमलाकर सिर में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।



# समरसता सेवा संगठन ने किया भगवान परशुराम एवं भगवान चित्रगुप्त जी के अवतरण दिवस विचार गोष्ठी एवं पौधारोपण




## समरस होकर पेड़ लगाएं - जीवन को समृद्ध बनाएं






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सब सबको जाने सब सबको माने के मंत्र के साथ समरस भारत से समर्थ भारत के निर्माण के उद्देश्य को लेकर समरसता सेवा संगठन ने भगवान परशुराम एवं भगवान चित्रगुप्त के अवतरण दिवस पर मुख्य अतिथि श्री शिवनारायण पटेल, विशिष्ट अतिथि प्रो. एस एस संधू, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन, सचिव उज्ज्वल पचौरी की उपस्थिति में विचार गोष्ठी का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला ग्वारीघाट में किया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर भगवान श्री परश्रुराम जी को समर्पित करते हुए रुद्राक्ष का और भगवान चित्रगुप्त जी को समर्पित करते हुए सिंदूर का पौधा अग्रवाल धर्मशाला ग्वारीघाट के समीप स्थित नर्मदा उद्यान में रोपित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शिवनारायण पटेल ने इस अवसर पर कहा आज भगवान परशुराम, भगवान चित्रगुप्त के अवतरण दिवस के साथ ही आद्य शंकराचार्य एवम भक्त शिरोमणि सूरदास जी की जन्म जयंती भी है और समरसता सेवा संगठन के इस मंच से हम इन चारो को नमन करते है। उन्होंने कहा आद्य शंकराचार्य जी ने सनातन की रक्षा के लिएअद्वैत वेदान्तको ठोस आधार प्रदान किया। भगवान परशुराम ने अधर्मियों के समूल नाश करते हुए अपने ज्ञान, तप से शास्त्र और शस्त्र की शिक्षा दी। भगवान चित्रगुप्त ने ब्रह्मांड का लेखा जोखा रखने का कार्य किया। आज हम इनके अवतरण दिवस पर समरस होकर कार्य करने का संकल्प ले रहे है।

श्री पटेल ने कहा पंच तत्व प्रकृति के पांच मूल तत्व हैं, जो भारतीय दर्शन और योग में महत्वपूर्ण माने जाते हैं।ये तत्व हैं- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश इन्ही तत्वों से मिलकर प्रकृति बनी है इन पांच तत्वों की सुरक्षा करना ही पर्यावरण को संरक्षित करना है इन पांच तत्वों में पौधा लगाने श्रेष्टम कार्य है। पौधा लगाना ही एक उद्देश्य नही होना चाहिए उस पौधे को संरक्षित करने का कार्य भी करना चाहिए और समरसता सेवा संगठन के अभिनव प्रयास में समाज की अधिक से अधिक सहभागिता हो इसका प्रयास हमे करना होगा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ एस एस संधू ने अपने संबोधन में कहा श्रष्टि का हर कण जिसने जान हो या न जान हो उसमे शिवतत्व है और जिसमे जीवन है उसमे मां पार्वती की शक्ति होती है और पार्वती ही प्रकृति है और यह हम जानते है कि इन प्रकृति से ही हमारा जीवन है और समरसता सेवा संगठन ने अपने नए कैलेंडर में यह अनुकरणीय प्रयास करते हुए सबको साथ लेकर पेड़ लगाने का अच्छा प्रयास प्रारंभ किया है हमे प्रकृति के संरक्षण के लिए पेड़ो को लगाना ही नहीं बल्कि उनका संरक्षण और संवर्धन भी करना होगा।

श्री संधू ने कहा हर आदमी के दिल में बैठे हुए आराध्य को सभी माने और सभी उनके उपदेशों को आत्मसात करे यह सच्ची समरसता होगी।

समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने कार्यक्रम की प्रस्तावना और स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा हमारा संगठन तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है और संगठन की यात्रा में यहां बैठे सभी सुधीजन इस यात्रा के साक्षी और सहभागी है आप सभी के सहयोग से ही हम पिछले दो वर्षो में हम 60 से अधिक कार्यक्रम सफलता पूर्वक कर सके। समरसता सेवा संगठन ने अपने दो वर्षो के कार्यकाल में महापुरुषों की जन्म जयंती पर विचार गोष्ठी और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। संगठन ने अपने तीसरे वर्ष में थोड़ा परिवर्तन करते हुए इस वर्ष से पर्यावरण और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने का संकल्प लेते हुए उन महापुरुष के नाम पर एक पौधा लगाने का कार्य प्रारंभ किया है।

श्री जैन ने कहा महापुरुष और देवियों की जन्म जयंती पर संगठन के द्वारा आगंतुक जनों को पौधा उपलब्ध कराया जाएगा और जो भी यहां से पौधा लेकर जायेंगे वो अपने क्षेत्र में उसे रोपित करने के साथ ही उसे संरक्षित करने का कार्य भी करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान आगंतुक जनों ने प्रकृति संरक्षण और पौधारोपण का संकल्प पत्र भरकर पौधा लगाने और उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया।

**कार्यक्रम का संचालन धीरज अग्रवाल और आभार सचिव उज्ज्वल पचौरी ने व्यक्त किया।**

इस अवसर पर पंकामता प्रसाद तिवारी, डॉ विनोद श्रीवास्तव, मथुरा प्रसाद चौबे, देवेंद्र श्रीवास्तव, एड नवीन शुक्ला, रत्ना श्रीवास्तव, एड आशीष त्रिवेदी, बच्चन श्रीवास्तव, रामबाबू विश्वकर्मा, पं मुन्ना गौतम, विवेक खरे, रत्नेश मिश्रा, रविंद्रनाथ दुबे, संजय गोस्वामी, नीरज वर्मा, सुरेश पांडे, गुड्डू अवस्थी, प्रवीण डोंगरे, सिद्धार्थ शुक्ला, मुकेश प्रजापति डॉ मुकेश पांडे, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, अखिलेश दीक्षित, राजकुमार शर्मा सुग्गी, पराग श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, मीना श्रीवास्तव, अनिता मिश्रा, ममता श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, आदर्श श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव के साथ बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

## जबलपुर में आ गया है आपके सपनों का मॉल K.A Mall




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महीनों से जबलपुर को इंतजार था ! K.A Mall की ओपनिंग का। हर किसी को जिज्ञासा थी कि आखिर इसमें है क्या - क्या? कैसा बना है अंदर से ? और क्या-क्या खूबियाँ हैं इसमें ?

हर्ष का विषय है कि के.ए मॉल यानी कृष्ण अवतार मॉल संपूर्ण आकार ले चुका है, और 30 अप्रैल से भव्य समारोह पूर्ण ओपनिंग के साथ जन आकर्षण का केन्द्र बन चुका है।

पुरानी ज्योति टॉकीज की जगह शहर के बीचों-बीच नौदरा ब्रिज पर बना यह भव्य मॉल कितना विस्तृत एवं लग्जोरियस है, उसका एक प्रमाण है इसकी 1400 टन की सेंट्रल एयर कंडीशनिंग, तो दूसरा प्रमाण है इसमें लाइफस्टाइल, नायका, एरोज़, एडिडास, स्पायकर, कलरप्लस, किलर एक्स जैसे बड़े ब्रांड्स के भव्य शोरूम जिनमें उपलब्ध अपरैल्स, एसेसरीज, वाचेस, कैजुअल्स, फार्मल्स और एथेनिक वेयर की महिलाओं एवं पुरुषों के लिए वृहद उत्पाद श्रृंखला इतनी नयनाभिराम है कि देखने वाले को सहज ही तुरंत खरीदारी करने की उत्कंठा हो जाए, और दाम इतने आकर्षक हैं कि 1 मिनट भी सोचने की जरूरत ही ना पड़े। जहाँ प्रवेश द्वारा से ही बरिस्ता आपका स्वागत करता है वहीं फूड ब्रांड्स में उपलब्ध है टैन डाउनिंग स्ट्रीट, काके दी हट्टी, असान्जो, पिज्जा हट, मालगाड़ी, ओकी-पोकी, ढाबा जैसे मशहूर ख्यातिलब्ध खानपान के वे नाम जो आपकी आउटिंग को यादगार बनाने के लिए आपकी प्रतीक्षा में हैं। फुड ज़ोन में बैठने के लिए जगह इतनी है कि किसी को किसी से कोई डिस्टरबैंस ना हो। शीघ्र ही युवाओं का बहु प्रतीक्षित मैक्डी याने मैकडोनाल्ड भी मॉल में प्रारंभ होने जा रहा है। अब अगर बात करी जाये गेमिंग जोन की तो स्ट्राइक गेमिंग जोन इतना है कि शायद ही किसी महानगर में भी इस स्तर का गेमिंग जोन हो। गेमिंग ज़ोन के साथ सॉफ्ट जोन भी है जहाँ छोटे बच्चे खुशी से समय बिता पाते हैं। चौथे माले पर अतिविख्यात क्क्क्र की चार डिजिटल सिनेमा स्कीन हैं और चारों का थिएटर एक दूसरे से इतना भिन्न है कि हर स्कीन एक अलग ऑडी महसूस हो। सिटिंग कंफर्ट और लग्जरी उस लेवल की है जो क्क्क्रसे एक्सपैक्ट करी जाती है। रूफ और साइड्स में आने वाला साउण्ड अपने आपमें एक अलग अनुभव है। सुविधाओं पर ध्यान इस इन्तहा तक दिया गया है कि दिव्यांग जनों एवं अशक्त जनों के लिए न सिर्फ अलग वॉशरूम है अपितु उन्हें व्हील चेयर समेत ससम्मान ऑडिटोरियम में लाकर व्हील चेयर से ही सिनेमा का वे आनंद ले सकें, ऐसी व्यवस्थायें भी हैं। रिक्लाइजर तो लग्ज़री का अल्टीमेट है ही परंतु सबसे सस्ती सीट भी बेमिसाल कंफर्ट वाली है। मॉल मैनेजमेंट ने प्राईसिंग पॉलिसी के बारे में बताया कि मॉल में रेंज तो टॉपक्लास है परंतु प्राइजिंग ऐसी है कि हर कोई खुशी-खुशी खरीद करके संतुष्टि के साथ जा सके। मॉल की एक और विशेषता है इसकी पार्किंग व्यवस्था जिसके लिए बेसमेंट के तीन तलों में सुव्यवस्थित रूप से वाहन खड़े करने के इंतजाम तो हैं ही साथ ही पार्किंग से सीधे मॉल में जाने के लिए लिफ्ट भी उपलब्ध है। मॉल के अंदर आवागमन को सुगम बनाने के लिए एसकलेटर्स के साथ-साथ लिफ्ट्स भी मुहय्या कराई गई है ताकि आवागमन की सुगमता सुनिश्चित करी जा सके। यह कहना अतिश्योक्ति न होगा कि मुद्दतों बाद जबलपुर में के.ए मॉल के रूप में कुछ ऐसा बना है जिसपर हर जबलपुर वासी गर्व कर सके।

## मुख्यंमंत्री डॉ. यादव के प्रस्ता्वित कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों ने तैयारियों का लिया जायजा





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर- मुख्य्रमंत्री डॉ. मोहन यादव के 5 मई को रिवझा और पवई के प्रस्तोवित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए आज प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थ ल का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टगर श्री नाथूराम गोंड, एडीशनल एसपी श्री आनंद कलादगी ने संबंधित अधिकारियों के साथ मझौली के पास स्थित रिवझा और पाटन विकासखंड के उड़ना के पास स्थित पवई में आयोजित कार्यक्रमों की व्यझवस्थाओं के साथ हेलीपेड का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त? आयोजित कार्यक्रमों की सभी आवश्य क व्यहवस्थाएं सुनिश्चित करें। उल्लेंखिनीय है कि रिवझा और पवई दोनो जगह भागवत कथा आयोजित होंगे।

## सिद्धबाबा वार्ड में लाड़ली उत्सीव का हुआ आयोजन

जबलपुर-महिला एवं बाल विकास शहरी क्रमांक 6 जबलपुर में आज परियोजना स्तकरीय लाड़ली उत्सकव का आयोजन सिद्धबाबा वार्ड में किया गया। स्थाजनीय पार्षद श्रीमती वर्षा बिरहा के मुख्या आतिथ्यप में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। जिसमें उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरण कर पौधारोपण किया एवं चयनित बालिकाओं को पुरूस्कापर वितरण किया। इस दौरान बालिकाओं द्वारा सांस्कृ तिक कार्यक्रम भी प्रस्तुकत किया गया। इस दौरान संबंधित क्षेत्र के पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व अन्या गणमान्यु नागरिक मौजूद थे।

## लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री पटेल का आगमन आज

जबलपुर- प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल शनिवार 3 मई को सुबह 10ः20 बजे स्टेट हैंगर भोपाल से विमान द्वारा जबलपुर आएंगे। मंत्री श्री पटेल सुबह 11 बजे से दोपहर 12ः30 बजे तक राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के साथ मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे।

## स्वतंत्र भारत में पहली बार जातिगत जनगणना की घोषणा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के राजनीतिक मामलों की उच्च स्तरीय कमेटी में पूरे भारतवर्ष में जाति गत जनगणना करने की घोषणा करके सभी विपक्षी दलों के मनसूर्वो को ध्वस्त कर दिया। ज्ञातव्य है कि कांग्रेस पार्टी सहित अनेक विपक्षी दल जातिगत जनगणना कराई जाने की मांग को लेकर इडी गठबंधन वाले राज्यों में हिंसात्मक आंदोलन करते रहे श्रीमती आभा साहू भाजपा नेत्री ने बताया वर्ष 1931-32 के बाद होने वाली जनगणना का व्यापक स्वरूप स्पष्ट होगा) केंद्र सरकार जाति गत जनगणना के आधार पर सर्वहारा गरीब पिछड़े और मजदूर वर्ग के आम जीवन में सुखद परिवर्तन लाएगी उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार होते हुए भी इन्होंने देश के समुचित विकास और कल्याण के लिए कभी जाति गत जनगणना को स्वीकृति प्रदान नहीं की संविधान में जातिगत जनगणना करने का पूर्ण संवैधानिक दायित्व और अधिकार मात्र केंद्र सरकार को है भाजपा नीत केंद्र सरकार ने विगत 12 वर्षों के कार्यकाल में ऐतिहासिक निर्णय लेकर सभी वर्गों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है।

### माढ़ोताल सबस्टेशन में एम.पी. ट्रांसको ने किए दो नए सर्किटों का निर्माण और ऊर्जीकरण

## जबलपुर की पारेषण प्रणाली को मिली मजबूती



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने जबलपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र की पारेषण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने माढ़ोताल (रिमझा) स्थित 132 के.व्ही. सबस्टेशन में दो नए 132 के.व्ही. सर्किटों का निर्माण कर उन्हें सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया है। इससे पहले इस सबस्टेशन में दो 132 के.व्ही. सर्किट पहले से ही क्रियाशील थे। अब यहां कुल चार सर्किट उपलब्ध हो गए हैं।

235 लाख रुपये की अनुमानित लागत में हुआ कार्यान्वयन

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि इस परियोजना के तहत लगभग 235 लाख रुपये की लागत से डबल सर्किट डबल स्ट्रिंगिंग ट्रांसमिशन टावर और सबस्टेशन में दो नए सर्किटों का निर्माण कर उन्हें ऊर्जीकृत किया गया है। इस उन्नयन से जबलपुर शहर की विद्युत आपूर्ति पहले से अधिक लचीली और विश्वसनीय हो गई है। उन्होंने इस सफलता के लिए एम.पी. ट्रांसको के समस्त कार्मिकों को बधाई दी है। अब चार सर्किटों से होगी माढ़ोताल सबस्टेशन को आपूर्ति

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री अमर कीर्ति सक्सेना ने बताया कि नई व्यवस्था के अंतर्गत अब माढ़ोताल सबस्टेशन को जबलपुर एवं पनागर स्थित 220 के.व्ही. सबस्टेशनों से डबल सर्किट के माध्यम से कुल चार 132 के.व्ही. सर्किटों से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इससे किसी एक फीडर के रखरखाव या तकनीकी बाधा के दौरान भी माढ़ोताल की विद्युत व्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने जोरदार डिजाइन और 19 प्रीमियम फीचर्स के साथ इनोवा हाईक्रॉस का एक्सक्लूसिव एडिशन पेश किया

बैंगलोर- अपने ग्राहक-प्रथम पर कायम रहते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने इनोवा हाइक्रॉस के एक्सक्लूसिव एडिशन ‍ङ्ग(ह्र) ग्रेड में उपलब्ध होने और लॉन्च किये जाने की घोषणा की। इनोवा हाइक्रॉस की उल्लेखनीय सफलता के आधार पर निर्मित यह नया संस्करण नीचे दी गई पेशकशों के साथ विशिष्ट स्टाइल और बेहतर केबिन अनुभव प्रदान करता है-

**एक्सक्लूसिव एडिशन ताजगी भरे स्टाइल और डुअल टोन एक्सेंट के साथ डिज़ाइन किया गया है ताकि वाहन की गतिशील उपस्थिति बेहतर की जा सके**

देश भर में एक लाख से यादा ग्राहकों में भरोसेमंद, इनोवा हाईक्रॉस ग्लैमर की अपनी असाधारण भावना और कार्यकुशलता के साथ लगातार प्रभावित कर रही है। हर यात्रा को स्टीयरिंग व्हील के पीछे बैठे व्यक्ति की तरह विशिष्ट बनाने के लिए तैयार, इनोवा हाईक्रॉस एक्सक्लूसिव एडिशन ‍ङ्ग(ह्र) मई 2025 से जुलाई 2025 तक दो रंगों- सुपर व्हाइट और पर्ल व्हाइट में सीमित मात्रा में उपलब्ध होगा।

इस लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट श्री वरिंदर वाधवा ने कहा, इनोवा हाईक्रॉस ने अपने आकार और एसयूवी के संतुलन के साथ एमपीवी की विशालता के लिए लगातार ग्राहकों की मजबूत सराहना हासिल की है। इस ब्रांड में उनके निरंतर भरोसे के लिए हम वास्तव में आभारी हैं। आज, हम अपने कद्रदान ग्राहकों की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सोच-समझकर तैयार किए गए इनोवा हाईक्रॉस एक्सक्लूसिव एडिशन को ‍ङ्ग(ह्र) में लॉन्च करते हुए प्रसन्न हैं। यह विशेष वैरिएंट विशिष्टता और बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए टोयोटा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस पेशकश से हमारा लक्ष्य बेहतर मूल्य और सुविधा देने वाली अतिरिक्त खासियतें पेश करना चाहते हैं जबकि विविधतापूर्ण इनोवा हाईक्रॉस की खूबियों पर निर्माण जारी रखना है - यह उन परिवारों के लिए एकदम उपयुक्त है जो निर्बाध, थकान-मुक्त ड्राइव प्रदान करने वाली कार चाहते हैं।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना मदनमहल में रात्रि हेमंत सिंह राजपूत उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम छीतापाल थाना मझौली वर्तमान पता फेस 4 स्टार सिटी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बेलखाडू शराब दुकान में मैनेजर का काम करता है आज रात लगभग 12-10 बजे वह अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन ई 7014 से अपने दोस्त रामलाल पटैल के साथ सिविक सेंटर से अपने घर स्टार सिटी माढ़ोताल जा रहे थे जैसे ही डाक्टर अंकित सेठ की क्लीनिक के सामने पहुँचे तभी पीछे से आ रहा सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी 20 सीएफ9868 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते

# बीजेपी पार्षद कविता रैकवार अयोग्य घोषित, कमिश्नर कोर्ट ने जारी किया आदेश, शीट रिक्त



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर के वार्ड क्रमांक 24 (हनुमानताल) से पार्षद कविता रैकवार को पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित सीट पर प्रतिनिधित्व की पात्र नहीं पाया गया है. कमिश्नर जबलपुर संभाग अभय वर्मा ने एक आदेश पारित करते हुए नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 19(2) के तहत कविता रैकवार को आगामी 5 वर्षों तक पार्षद बनने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है.

इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 24 की सीट को रिक्त मानते हुए निर्वाचन की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं. उल्लेखनीय है कि नगर निगम जबलपुर के वार्ड क्रमांक 24 (हनुमानताल) की भाजपा पार्षद कविता रैकवार के जाति प्रमाण पत्र को लेकर कांग्रेस नेताओं ने एक शिकायत थी. जिसमें प्रमाण पत्र को फर्जी बताया गया था. शिकायत की जांच उच्च स्तरीय छानबीन समिति द्वारा की गई, जिसमें प्रमाण पत्र को फर्जी पाया गया. समिति ने 10 नवंबर 2020 को जारी प्रमाण पत्र को निरस्त करते हुए कार्रवाई की सिफारिश की थी.

क्या है मामला

कविता रैकवार ने पिछड़ा वर्ग महिला सीट से चुनाव लड़ा था। उनके खिलाफ शिकायत मिली थी कि उन्होंने जाली जाति प्रमाण पत्र के आधार पर पार्षद पद पर चुनाव लड़ा है। शिकायत की जांच उच्च स्तरीय छानबीन समिति द्वारा की गई, जिसमें प्रमाण पत्र को फर्जी पाया गया। समिति ने 10 नवंबर 2020 को जारी प्रमाण पत्र को निरस्त करते हुए कार्रवाई की सिफारिश की थी।

कमिश्नर जबलपुर संभाग अभय वर्मा ने 29 अप्रैल 2025 को आदेश पारित करते हुए कहा कि कविता रैकवार अब पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित सीट पर प्रतिनिधित्व की पात्र नहीं रहीं। उनके विरुद्ध दी गई दलीलों का कोई वैधानिक आधार नहीं था, और उन्हें कई अवसर देने के बावजूद वह स्पष्ट पक्ष नहीं रख सकीं।

चुनाव निरस्त, 5 साल के लिए अयोग्य

नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 19(2) के तहत कविता रैकवार को आगामी 5 वर्षों तक पार्षद बनने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 24 की सीट को रिक्त मानते हुए निर्वाचन की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

इन्होने कहा

यह मामला भारतीय जनता पार्टी की नीति और नीयत का असली चेहरा उजागर करता है।

कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा

## मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

जबलपुर। थाना सिहोरा में रात्रि में प्रकाश उर्फ छोटू दीवान चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम हरदुआ कला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बिल्डिंग बनाने मिस्त्री का काम करता है दिनांक 1-5-25 की शाम लगभग 7 बजे उसके चाचा का लड़का नीलेश चौधरी उम्र 30 वर्ष उसके घर के सामने आया और उसके भाई नीलू चौधरी की शादी की बात को लेकर उसके साथ गाली गलोज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो लकड़ी से हमलाकर सिर में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# दो देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। शहर में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जबलपुर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच और यादव कॉलोनी पुलिस चौकी की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात गैंगस्टर लकी पटेल को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से दो देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि यादव कॉलोनी क्षेत्र अंतर्गत जीरो डिग्री मोनालीसा बार के पास एक युवक हथियार के साथ संदिग्ध अवस्था में मौजूद है। मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान लकी पटेल (22), निवासी कछपुरा, थाना लार्डगंज के रूप में हुई है। उसकी तलाशी लेने पर कमर में दोनों ओर देशी पिस्टल बरामद हुईं, जिनमें एक-एक जिंदा कारतूस लोड था। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी लकी पटेल के खिलाफ पहले भी कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। थाना लार्डगंज में उस पर हत्या का प्रयास, आदेश का उल्लंघन, मारपीट, आबकारी एक्ट और आर्म्स एक्ट जैसे अपराध पंजीबद्ध हैं।

# दो पक्षों ने की आपस में मारपीट

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। थाना मझौली में रात्रि मे योगेश सिंह उर्फ पप्पू राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी छीतापाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह छीतापाल तिराहा में ढाबा चलाता है दिनांक 1-5-25 को शाम लगभग 5-30 बजे अपने ढाबा में था तभी पड़रिया निवासी दीपांशु राजपूत अपनी बुलट से आया और ढाबा के सामने बुलट खड़ी करके रास्ते में आने जाने वाली मारूती वेन चालकों को गाली गलौज करने लगा, उसने ढाबा के सामने गालियां देने से मना किया तो दीपांशु राजपूत उसके साथ गाली गलौज करते हुये उसका गला पकड़ लिया उसने अपना गला छुडाया फिर दीपांशु राजपूत वहां से चला गया था लगभग 10 मिनिट बाद दीपांशु राजपूत अपने साथ पड़रिया निवासी सक्षम राजपूत को लेकर आया जिसके हाथ में बेसबाल का डंडा था दोनों आकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे सक्षम राजपूत ने बेसबाल के डंडे से हमलाकर हाथ कोहनी पंजा में चोट पहुँचा दी इसी बीच एक टू व्हीलर में 2 अन्य लड़के आये और उसके साथ मारपीट करने लगे उसके ढाबा में काम करने वाला पंकज बर्मन बीच बचाव करने लगा तो दोनों लड़के पंकज बर्मन के साथ हाथ मुक्कों से मारपीट कर पंकज को पीठ हाथ में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी दिये। वह वहां से बचकर भागा तो उन लोगों ने उसके ढाबा में घुसकर टेबल कुर्सी खाना की भट्टी तथा खाने पीने के सामान बिखरा दिया एवं टीव्ही तथा ब्लूटूथ स्पीकर तोड़कर लगभग 10 हजार रूपये का नुकसान किया। वहीं दीपांश राजपूत उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम पड़रिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खेती किसानी करता है दिनांक 1-5-25 को अपने मामा के लड़के प्रेम सिंह राजपूत के साथ छीतापाल तिराहा ढाबा खाना खाने गया था शाम लगभग 6 बजे उसने ढाबा चलाने वाले पप्पू सिंह राजपूत को रोटी सब्जी लगाने का आर्डर दिया काफी समय इंतजार करने के बाद भी हमें खाना नहीं भेजा तो उसने दोबारा खाना लगने के बोला इसी बात पर पप्पू राजपूत गाली गलौज करने लगा,

## जबलपुर में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट; ओले गिरने की भी आशंका, मई की शुरुआत में ही मौसम ने बदला रंग



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। मध्यप्रदेश में चक्रवाती सिस्टम के सक्रिय होने से मौसम फिर बिगड़ गया है। जबलपुर सहित 39 जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओले गिरने की चेतावनी जारी की गई है। जबलपुर में शुक्रवार और शनिवार को हवा की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है। इसके साथ ही हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के आंकड़ों पर नजर डालें तो जबलपुर में मई महीने में अधिकतम तापमान 46.7 डिग्री तक पहुंच चुका है। 25 मई 1954 को यह रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। पिछले 10 वर्षों में जबलपुर में तीन बार पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर गया है। वहीं, मई में बारिश का ट्रेंड भी बना रहा है। 2014 से लेकर 2023 तक हर साल बारिश हुई है। वर्ष 2021 में पूरे महीने 3 इंच से ज्यादा पानी गिरा, जबकि 2023 में 2 इंच बारिश दर्ज की गई। गुरुवार को डिंडौरी, सिवनी, मंडला, बालाघाट समेत कई जिलों में बारिश और ओले गिरे। अब मौसम विभाग ने जबलपुर, कटनी, शहडोल, उमरिया और अनूपपुर समेत पूर्वी मध्यप्रदेश के जिलों के लिए तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। जबलपुर में शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं और शाम होते-होते बारिश के साथ ओले गिरने की आशंका है। हालांकि, यह भी सच है कि मई महीना पूरे साल में सबसे अधिक गर्मी लेकर आता है। जबलपुर में इस बार भी पारा 45 डिग्री के पार जा सकता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि दिन में हीट वेव और रात में उमस इस बार लोगों को ज्यादा परेशान कर सकती है।

## बालक के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। थाना गोरखपुर में मारपीट में घायल को उपचार हेतु लाईफ मेडिकल सिटी अस्पताल में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को अक्षत शर्मा उम्र 16 वर्ष निवासी त्रिवेणी स्कूल के पास हाथीताल ने बताया कि कक्षा दसवीं की पढ़ाई कर रहा है वह प्रति दिन पीटर जिम में अभ्यास करने लिये जाता है गया था वह लगभग 3-30 बजे बंदरिया तिराहा पीटर जिम पहुँचा तभी जिम के नीचे जिम के टेऊनर कुलदीप भाट उसे देखते ही गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा तथा उसे जमीन पर पटक दिया फिर किसी चीज से हमलाकर सिर में चोट पहुँचा दी

### कार्यालय नगर पालिक निगम,जबलपुर

पत्र क्रं./बा.वि./2025/64 दिनांक 02/05/2025

**दुकान नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती गोमती बाई ठाकुर एवं ज्योति वर्मा, विनीता वर्मा, रेखा लोधी, पिता- स्व. श्री मोतीलाल** द्वारा **आवेदन पत्र,शपथपत्र, एवं मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर निगम स्वामित्व की **पड़ाव छोटे कोठा मार्केट दुकान क्रं. 09 एवं 10 में** नया अनुज्ञप्तिधारी के रूप पर नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया हैं। जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की तिथि से **15 दिवस में कार्यालय बाजार अधीक्षक, कमरा नं.54 नगर निगम जबलपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

**बाजार अधीक्षक**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम,जबलपुर

पत्र क्रं./बा.वि./2025/61 दिनांक 01/05/2025

**दुकान नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती मधुबाला जैन, पति- श्री देवेन्द्र कुमार जैन** द्वारा **आवेदन पत्र,एवं विक्रय पंजीयन पत्र** के आधार पर निगम स्वामित्व की **घंटाघर की छत टेरिस प्रथमतल मार्केट दुकान क्रं. 10 में** नया अनुज्ञप्तिधारी के रूप पर नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया हैं। जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की तिथि से **15 दिवस में कार्यालय बाजार अधीक्षक, कमरा नं.54 नगर निगम जबलपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

**बाजार अधीक्षक**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/09/2025-26/एम/725/ दिनांक 02.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राकेश गुप्ता, पिता- स्व. श्री रामसेवक गुप्ता** ने मकान नं. 441 पिन नं.1000468385 **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 1039 व.फु., आर.सी.सी. 100 व.फु. स्वयं दुकान, **मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रयपत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 441 मरघटाई रोड पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/09/2025-26/एम/724/ दिनांक 02.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती हेमलता चौधरी, पिता- श्री गोरे लाल चौधरी** ने मकान नं. 631/1ए पिन नं.1000466814 **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 450 व.फु., **शपथ पत्र, विक्रयपत्र, तहसीलदार आदेश,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 631/1ए काफी हाउस के बाजू में अपार्टमेंट पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/26/एम/23 दिनांक 02.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विवके त्रिपाठी, पिता- स्व. श्री रामनरेश त्रिपाठी** ने मकान नं. 120/ए का भाग **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., भूतल 1200 व.फु., **वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/26/एम/22 दिनांक 02.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विवके त्रिपाठी, पिता- स्व. श्री रामनरेश त्रिपाठी** ने मकान नं. 469 ध 257 **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 1280 व.फु., भूतल 1280 व.फु., **वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/26/एम/21 दिनांक 01.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री जीतेश यादव, पिता- स्व. श्री रामा यादव** ने मकान नं. शाप नं. एम-09 **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 90 व.फु., भूतल 90 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 20 2025-2026 दिनांक 01/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **1. श्रीमती मिथलेश चौबे, पति- स्व. श्री एस.एम.चौबे, एवं अभिषेक, मनीष, विवेक चौबे, तीनों के पिता स्व. श्री शिवशंकर चौबे,** पी. नं. 1175, संपत्ति कर/पिन नं. 1000361088 जलकर पिन नं. ........, पर **विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री शिवशंकर चौबे, पिता श्री कैलाश चंद चौबे **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , विक्रय प्लाट रकवा 3300 व.फु., निर्मित भूतल 3300 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-7,अधारताल**
**नगर निगम जबलपुर**

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 14 2025-2026 दिनांक 30/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती मीना नागोत्रा, पति- श्री छोटू नागोत्रा,** भवन क्रं. 4000 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000366667 जलकर पिन नं. ........, पर **विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती लक्ष्मी बाई बर्मन (विक्रेता श्री किशोर कुमार साहू) **वार्ड शहीद अ. हमीद वार्ड** , विक्रय प्लाट रकवा 2400 व.फु., **विक्रयपत्र, लिंक प्रपत्रों** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-7,अधारताल**
**नगर निगम जबलपुर**

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 11 2025-2026 दिनांक 21/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री अजय कुमार सिन्हा, पिता- स्व. श्री वी.के. सिन्हा,** भवन क्रं. .......... संपत्ति कर/ पिन नं. 1000361668 जलकर पिन नं. 1002526896, पर **विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती माया सिन्हा, पति स्व.श्री बी.के.सिन्हा, 2. श्री अजय कुमार सिन्हा, पिता-स्व.श्री बी.के. सिन्हा, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , विक्रय प्लाट रकवा 2400 व.फु., निर्मित भूतल 1000 व.फु. , **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-7,अधारताल**
**नगर निगम जबलपुर**

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 17 2025-2026 दिनांक 01/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती हीर परसवानी, पति- श्री दीपक परसवानी,** खसरा क्रंमाक. 8/1/3/ एस का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 2000185900 जलकर पिन नं. ......, पर **विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी** - काबिज श्री लाहोरी प्रसाद सरोज (पासी) पिता- अलगू प्रसाद पासी **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 2700 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1500 व.फु., , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-7,अधारताल**
**नगर निगम जबलपुर**

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 16 2025-2026 दिनांक 30/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री चंचल कुमार देब, पिता- श्री अनिल चंद देब,** खसरा क्रंमाक. 8/2/एस का भाग पी.नं.-115 संपत्ति कर/ पिन नं. 1002758589 जलकर पिन नं. ......, पर **विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती शोभा माहेश्वरी, पति- श्री धर्मेश माहेश्वरी, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 1800 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 900 व.फु., , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-7,अधारताल**
**नगर निगम जबलपुर**

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 15 2025-2026 दिनांक 30/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **1. श्रीमती रेशमा यादव, पति- श्री लाल बहादुर यादव, 2. श्री रोहित यादव, पिता- श्री लाल बहादुर यादव,** भवन क्रंमाक 171/1 का भाग, पी. नं.-24 संपत्ति कर/ पिन नं. 2000109039 जलकर पिन नं. ......, पर **विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री चेतराम काछी, पिता- श्री रामविशाल काछी, **वार्ड शहीद अ. हमीद वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 63163 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1755 व.फु., , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-7,अधारताल**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025 एम. 06/ 2025/2026 दिनांक 10.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **1. श्री अमन प्रीत सिंह लांबा, पिता- श्री सुखवंत सिंह लांबा, 2. श्रीमती नवप्रीत, पति- श्री अमन प्रीत सिंह लांबा,** ने भवन क्रं. एम.आई.जी.-39 पिन क्र. 1000492116 **वार्ड क्र. 16, वार्ड- महाराणा प्रताप,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) **1. श्री सुखवंत सिंह लांबा, पिता- स्व. श्री सरदार सिंह लांबा,** क्षेत्रफल 1266.99 व.फु., भूतल 1000 व.फु. , **दानपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-1 गढ़ा**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025 एम. 05/ 2025/2026 दिनांक 10.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती रीता चावला, पति- श्री कैलाश चावला** ने खसरा क्रं. 147/1 पिन क्र. 1000702223 **वार्ड क्र. 71, वार्ड- वीर दुर्गादास राठौर ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) **1. श्री अनुज गुलाटी, पिता- श्री रमेश चंद गुलाटी, 2. श्रीमती वनीता गुलाटी, पति- श्री अनुज गुलाटी,** भूतल 7800 व.फु. टीन शेड, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-1 गढ़ा**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025 एम. 04/ 2025/2026 दिनांक 10.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **काबिज- श्री प्रमोद तिवारी, पिता- श्री रविशंकर तिवारी** ने भवन क्रं. 132 पिन क्र. 1000702623 **वार्ड क्र. 71, वार्ड- वीर दुर्गादास राठौर ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) **श्री कौड़ी लाल विश्वकर्मा, पिता- स्व. श्री तोड़र प्रसाद विश्वकर्मा,** भूतल 300 व.फु., भूतल 100 व.फु. कच्चा , **मृत्यु प्रमाण पत्र, अपंजीकृत विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-1 गढ़ा**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025 एम. 03/ 2025/2026 दिनांक 10.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती पूजा तिवारी, पति- श्री विकास कुमार तिवारी** ने फ्लैट क्रं. 201 पिन क्र. 1000705276 **वार्ड क्र. 71, वार्ड- वीर दुर्गादास राठौर ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) **श्री निखिल सरपाल, पिता- स्व.श्री कपिल कुमार सरपाल,** प्रथमतल 885 व.फु. , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-1 गढ़ा**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025 एम. 02/ 2025/2026 दिनांक 10.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती नम्रता सक्सेना, पति- श्री अरविन्द्र सक्सेना** ने फ्लैट क्रं. एल.आई.जी.- 502 पिन क्र. 1000510118 का भाग **वार्ड क्र. 06, वार्ड- इंदिरा गांधी ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) **श्री सुनील कुमार दुबे, पिता- स्व. श्री के.के. दुबे एवं श्रीमती अंजु दुबे, पति श्री सुनील दुबे,** पंचवीं मंजिल 428 व.फु. , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-1 गढ़ा**
**नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999